■ उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विज्ञापन मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

सच का साथी...

# बी पी एस न्यूज

www.bpsnews.in
(वर्ष-9 अंक -3)
पृष्ठ 8 मूल्य 2/रुपया

सोमवार 19 फरवरी, 2024

पुलिस भर्ती के लिए बड़ी संख्या में परीक्षा देने शहर आये युवक 8

पूर्व भारतीय बल्लेबाज युवराज सिंह के घर चोरी 5



सेन्ट्रल स्टेशन की सीढ़ियों पर सोता पुलिस भर्ती परीक्षा का अभ्यर्थी

## पीएम मोदी आज यूपी में कल्कि धाम मंदिर की आधारशिला रखेंगे



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अगले सप्ताह सोमवार को उत्तर प्रदेश का दौरा करेंगे जहां वह संभल जिले में श्री कल्कि धाम मंदिर की आधारशिला रखेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने शनिवार को एक बयान में यह जानकारी दी।पीएमओ ने कहा, ''प्रधानमंत्री श्री कल्कि धाम मंदिर के मॉडल का अनावरण भी करेंगे और इस अवसर पर सभा को संबोधित करेंगे।'' श्री कल्कि धाम का निर्माण श्री कल्कि धाम निर्माण ट्रस्ट द्वारा किया जा रहा है जिसके अध्यक्ष आचार्य प्रमोद कृष्णम हैं।

कार्यक्रम में कई संत, धर्मगुरु और अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल होंगे। पीएमओ न कहा कि प्रधानमंत्री फरवरी 2023 में आयोजित उत्तर प्रदेश वैश्विक निवेशक सम्मेलन के दौरान प्राप्त निवेश प्रस्तावों के चौथे 'ग्राउंड ब्रेकिंग समारोह' में उत्तर प्रदेश में 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक की 14,000 परियोजनाओं की शुरुआत भी करेंगे। उसके मुताबिक यह परियोजनाएं विनिर्माण, नवीकरणीय ऊर्जा, आईटी और आईटीईएस, खाद्य प्रसंस्करण, आवास और रियल एस्टेट, आतिथ्य और मनोरंजन, शिक्षा, जैसे क्षेत्रों से संबंधित हैं।

पीएमओ ने कहा कि कार्यक्रम में लगभग 5,000 प्रतिभागी भाग लेंगे, जिनमें उल्लेखनीय उद्योगपति, शीर्ष वैश्विक और भारतीय कंपनियों के प्रतिनिधि, राजदूत और उच्चायुक्त और अन्य विशिष्ट अतिथि शामिल होंगे।

## केंद्र आधार कार्ड 'निष्क्रिय' कर रहा ताकि लोग कल्याणकारी योजनाओं का लाभ न ले पाएं: ममता बनर्जी



सूरी। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को आरोप लगाया कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार आगामी लोकसभा चुनाव से पहले राज्य में लोगों के आधार कार्ड को ''निष्क्रिय'' कर रही है, ताकि उन्हें उनके बैंक खातों के माध्यम से राज्य सरकार की विभिन्न सामाजिक कल्याण योजनाओं का लाभ न मिल सके। यहां बीरभूम जिले में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बनर्जी ने कहा कि उनकी सरकार राज्य संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को भुगतान करना जारी रखेगी, भले ही किसी व्यक्ति के पास आधार कार्ड न हो।बनर्जी ने कहा, ''सावधान रहें, वे (भाजपा के नेतृत्व वाला केंद्र) आधार कार्ड को निष्क्रिय कर रहे हैं। बंगाल के कई जिलों में कई आधार कार्ड निष्क्रिय कर दिए गए हैं ताकि चुनाव से पहले लोगों को बैंकों के माध्यम से भंडार लक्ष्मी योजना और मुफ्त राशन का लाभ न मिल सके।'' उन्होंने कहा, ''लेकिन, हम योजनाओं के लाभार्थियों को भुगतान करना जारी रखेंगे, भले ही उनके पास आधार कार्ड न हो। एक भी लाभार्थी प्रभावित नहीं होगा।''

अपनी उपज के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सरकार की गारंटी की मांग को लेकर हरियाणा, पंजाब में किसानों के आंदोलन का जिक्र करते हुए बनर्जी ने कहा कि बंगाल में किसानों को कोई समस्या नहीं है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने कहा, ''मैं किसानों के आंदोलन को सलाम करती हूं। मैं उन पर हुए हमलों की निंदा करती हूं।

## पुलवामा में शहीद के परिजनों से किए वादों को पूरा नहीं करने पर अदालत का म.प्र. सरकार को नोटिस

मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए एक जवान के परिजनों से किए गए वादों को पूरा नहीं करने से संबंधित मामले में राज्य सरकार से अगले सप्ताह तक जवाब मांगा है। उच्च न्यायालय ने इस मामले का स्वतः संज्ञान लिया है।14 फरवरी 2019 को जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में हुए आतंकी हमले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 40 जवानों की मौत हो गई थी जिनमें से एक जवान मध्य प्रदेश का था। उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार द्वारा वादा पूरा नहीं करने के संबंध में शुक्रवार को प्रकाशित एक समाचार पर स्वतः संज्ञान लिया।

मुख्य न्यायाधीश आर मलिमथ और न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा की खंडपीठ ने शुक्रवार को कहा, हम अतिरिक्त महाधिवक्ता हरप्रीत रूपरा को मध्य प्रदेश के मुख्य सचिव की ओर से नोटिस लेने का निर्देश देते हैं, जो अगली तारीख (अगले सप्ताह) तक अपना जवाब दाखिल करें।उच्च न्यायालय ने कहा, उन 40 लोगों में से एक शहीद मध्य प्रदेश से थे। जैसा कि बताया गया है, उस समय उनके परिवार के सदस्यों से कई वादे किए गए थे।

ऐसा नहीं लगता कि वे सभी पूरे हो गए हैं।'उच्च न्यायालय ने कहा, एक शहीद के परिवार को उस राहत का इंतजार करना, जिसका वादा राज्य ने पांच साल पहले किया था, बहुत परेशान करने वाली बात है। हम यह अपेक्षा नहीं करते हैं कि हमारे शहीदों के साथ इस तरह का व्यवहार किया जाएगा।

## ठाणे में देह व्यापार गिरोह का भंडाफोड़, दो लोग गिरफ्तार

मुंबई। तलोजा पुलिस थाने के उप निरीक्षक सुरेश कुरहाडे ने बताया कि एक गुप्त सूचना के बाद शनिवार को एक आवासीय सोसायटी में एक फ्लैट पर छापेमारी की गई। उन्होंने बताया कि सामोन शेख और मोहिनूर मंडल नाम के दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। नवी मुंबई के तलोजा इलाके में पुलिस ने दो लोगों की गिरफ्तारी के साथ देह व्यापार गिरोह का भंडाफोड़ किया और बांग्लादेश की एक नाबालिग लड़की को बचाया है। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।तलोजा पुलिस थाने के उप निरीक्षक सुरेश कुरहाडे ने बताया कि एक गुप्त सूचना के बाद शनिवार को एक आवासीय सोसायटी में एक फ्लैट पर छापेमारी की गई। उन्होंने बताया कि सामोन शेख और मोहिनूर मंडल नाम के दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। इस छापेमारी में पुलिस ने बांग्लादेश की रहने वाली 14 वर्षीय लड़की को बचाया है। आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

## अमित शाह ने जैनमुनि आचार्य विद्यासागर महाराज के निधन पर शोक व्यक्त किया



नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जैन मुनि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के निधन पर रविवार को शोक व्यक्त किया और कहा कि यह देश और समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है। शाह ने कहा कि विद्यासागर महाराज प्रत्येक व्यक्ति और ब्रह्मांड के कल्याण के अपने संकल्प के प्रति निस्वार्थ रूप से प्रतिबद्ध रहे। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, ''महा मुनि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज जैसे महान पुरुष का निधन देश और समाज के लिए अपूरणीय क्षति है।'' गृह मंत्री ने कहा कि विद्यासागर महाराज ने अपनी अंतिम सांस तक मानवता के कल्याण को प्राथमिकता दी। उन्होंने कहा, ''मैं खुद को भाग्यशाली मानता हूं कि मुझे ऐसे बुद्धिमान व्यक्ति का सानिध्य, स्नेह और आशीर्वाद मिला।'' शाह ने कहा कि विद्यासागर महाराज ने आचार्य, 'योगी', विचारक, दार्शनिक और सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में इन सभी भूमिकाओं में समाज का मार्गदर्शन किया।

## पंजाब के कुछ हिस्सों में इंटरनेट सेवाओं पर लगा प्रतिबंध 24 फरवरी तक बढ़ाया गया

चंडीगढ़। केंद्रीय गृह मंत्रालय के आदेश पर पटियाला, संगरूर और फतेहगढ़ साहिब समेत पंजाब के कुछ जिलों के चुनिंदा इलाकों में इंटरनेट सेवाओं पर लागू प्रतिबंध 24 फरवरी तक बढ़ा दिया गया है। इससे पहले किसानों के दिल्ली चलो मार्च के मद्देनजर 12 फरवरी से 16 फरवरी तक पंजाब के इन जिलों में इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी गई थीं। केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से 16 फरवरी को जारी आदेश के मुताबिक पटियाला के शंभू, जुल्कान, पासियां, पातरन, शत्राना, समाना, घनौर, देवीगढ़ और बलभेरा पुलिस थानों के अंतर्गत आने वाले इलाकों में इंटरनेट सेवाएं निलंबित रहेंगी। इसके अलावा मोहाली में लालरू पुलिस थाना क्षेत्र, बठिंडा में संगत पुलिस थाना क्षेत्र,मुक्तसर में किल्लियांवाली पुलिस थाना क्षेत्र, मानसा में सरदुलगढ़ और बोहा पुलिस थाना क्षेत्र तथा संगरूर में खनौरी, मूनक, लेहरा, सुनाम और छाजली पुलिस थाना क्षेत्रों में इंटरनेट सेवाओं पर प्रतिबंध लागू किया गया है।

## वायनाड में अधिकारियों से की राहुल गांधी ने मुलाकात, स्थिति का जायजा लिया

### पीड़ितों को जल्द मुआवजा देने का दिया आश्वासन

वायनाड। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं सांसद राहुल गांधी ने केरल के वायनाड में जंगली जानवरों के हमलों में तीन लोगों की मौत पर हिंसक विरोध प्रदर्शन के एक दिन बाद, रविवार को जिले के अधिकारियों के साथ स्थिति का जायजा लिया और उनसे मदद मांगी। राहुल गांधी ने पीड़ितों को बिना किसी देरी के मुआवजा देने का आश्वासन दिया। राहुल गांधी वायनाड से सासंद हैं। राहुल गांधी अपने निर्वाचन क्षेत्र में मानव-पशु संघर्ष के समाधान की मांग कर रहे स्थानीय लोगों के उग्र होते विरोध के मद्देनजर वाराणसी में अपनी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' अचानक बीच में ही छोड़कर वायनाड पहुंचे।

कलपेट्टा में जिला अधिकारियों के साथ आकलन बैठक के बाद संवाददाताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि उनका मानव-पशु संघर्ष के मुख्य मुद्दे से भटककर राजनीति करने का इरादा नहीं है। इससे पहले, राहुल गांधी ने पिछले दो महीने में जंगली जानवरों के हमलों की तीन अलग-अलग घटनाओं में मारे गए अजी, पॉल और प्रजीश के परिवारों से मुलाकात की थी। बैठक का ब्योरा देते हुए गांधी ने कहा कि उन्होंने जिला प्रशासन से मृतकों और घायलों के लिए घोषित विभिन्न मुआवजे तुरंत वितरित करने को कहा है। उन्होंने कहा, मेडिकल कॉलेज एक गंभीर मुद्दा है। मैंने आज प्रशासन से कहा कि मुझे समझ नहीं आता कि यहां मेडिकल कॉलेज विकसित करने और बनाने में इतना समय क्यों लग रहा है। यह करना इतना जटिल काम नहीं है। यह एक त्रासदी है, यहां लोग अपनी जान गंवा रहे हैं या घायल हो रहे हैं, इसके बावजूद उनके पास यहां उचित मेडिकल कॉलेज नहीं है। वायनाड सांसद ने कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है और उनसे मेडिकल कॉलेज में सुविधाओं में सुधार के लिए कदम उठाने का



फिर से अनुरोध करेंगे।कांग्रेस नेता ने समय पर मुआवजा वितरित करने के महत्व पर जोर दिया। गांधी ने कहा कि जब कोई परिवार किसी सदस्य को खो देता है, खासकर गरीब परिवार, तो उन्हें लंबे समय के बाद मुआवजा देना पर्याप्त नहीं है। मुआवजा तुरंत मिलना चाहिए, क्योंकि उन्हें तुरंत पैसे की जरूरत होती है। राहुल गांधी ने यह भी कहा कि वह सीधे मुख्यमंत्री को बताना चाहेंगे कि उनके निर्वाचन क्षेत्र के लोग किस दौर से गुजर रहे हैं। वह पीड़ित अजी (42) के घर पर 20 मिनट से अधिक समय तक रुके।अजी को पिछले हफ्ते वायनाड जिले के मननथावाड़ी इलाके में एक रेडियो कॉलर लगे हाथी ने कुचलकर मार डाला था, जिसके बाद बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया था। अजी के परिजनों से मुलाकात के बाद वह वन विभाग के 'इको-टूरिज्म गाइड' पॉल के आवास पर गए और वहां कुछ समय बिताया। पॉल को शुक्रवार को कुरुवा द्वीप के पास एक जंगली हाथी ने मार डाला था। राहुल गांधी हाल ही में बाघ के हमले में मारे गए प्रजीश के घर भी गए।

## बीजेपी में शामिल हो सकते हैं कमलनाथ!

भोपाल। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और उनके बेटे नुकुल नाथ के कांग्रेस छोड़कर सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने की अटकलों के बीच उनके (कमलनाथ) समर्थक करीब आधा दर्जन विधायक रविवार को दिल्ली पहुंच गये। कमलनाथ के करीबी सूत्रों ने बताया कि यहां पहुंचे मध्य प्रदेश के विधायकों में तीन छिंदवाड़ा से हैं जबकि क्षेत्र के अन्य तीन विधायक दिल्ली के लिए रवाना होने वाले हैं। कमलनाथ छिंदवाड़ा से नौ बार सांसद रह चुके हैं और फिलहाल वहां से वह विधायक हैं। गत नवंबर में हुए मप्र विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के खराब प्रदर्शन के बाद उन्हें पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पद से हटा दिया गया था।

कमलनाथ के ये समर्थक विधायक फोन कॉल का जवाब नहीं दे रहे हैं। कांग्रेस के अंदरूनी सूत्रों का दावा है कि कमलनाथ के समर्थक एवं पूर्व मंत्री लखन घनगोरिया भी दिल्ली में उनके साथ डेरा डाले हुए हैं। मध्य प्रदेश के पूर्व मंत्री एवं कमलनाथ के समर्थक दीपक सक्सेना ने छिंदवाड़ा में संवाददाताओं से कहा कि विधानसभा चुनाव में हार के बाद जिस तरह उन्हें प्रदेश पार्टी अध्यक्ष पद से हटाया गया, उससे वह आहत हैं। सक्सेना ने कहा, ''हम चाहते हैं कि उन्हें पूरा सम्मान मिलना चाहिए। वह जो भी निर्णय लेंगे, हम उसमें उनके साथ रहेंगे।'' कमलनाथ के अन्य समर्थक और राज्य के पूर्व मंत्री विक्रम वर्मा ने अपने 'एक्स' प्रोफाइल पर 'जय श्री राम' लिखा। पूर्व सांसद वर्मा ने कहा, '' मैं कमलनाथ का अनुसरण करूंगा।'' पार्टी के अंदरूनी सूत्रों ने दावा किया कि कमलनाथ का धड़ा 23 विधायकों को अपने साथ लाने का प्रयत्न कर रहा है ताकि दल-बदल कानून उनपर लागू न हो। मध्य प्रदेश की 230 सदस्यीय विधानसभा में कांग्रेस के 66 विधायक हैं। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के वकील राकेश पांडे ने कहा, '' एक तिहाई विधायकों के पाला बदल लेने की स्थिति में दलबदल कानून लागू नहीं होंगे।'






## संपादकीय

### नफरत का अमेरिका

भले ही लाखों भारतीय युवाओं के लिये अमेरिका एक सुनहरे सपनों का देश हो, लेकिन नये साल की शुरुआत में पांच प्रतिभावान भारतीय छात्रों की मौत बताती है कि वहां जमीनी हकीकत खासी कंटीली है। अपनी मेधा-परिश्रम के बूते अपनी विशिष्ट जगह बनाते भारतीय युवा उन काहिल अमेरिकी युवाओं की आंख की किरकिरी बने हुए हैं जिन्हें लगता है कि भारतीय युवा उनकी जगह ले रहे हैं। दरअसल, इस सोच को दक्षिणपंथी राष्ट्रपति रहे डोनाल्ड ट्रंप ने हवा दी। डोनाल्ड ट्रंप तो युवाओं का राजनीतिक दोहन करके चले गए लेकिन पथभ्रष्ट अमेरिकी सफलता की नई इबारत लिख रहे युवा भारतीयों को निशाना बना रहे हैं। हालात कई भारतीय छात्रों के स्वप्नों का अमेरिका में दुस्वप्न बनाया जा रहा है। फरवरी के पहले सप्ताह में शिकागो में एक भारतीय युवा को अज्ञात हमलावरों ने निशाना बनाया। इससे पहले एमबीए की डिग्री हासिल करने वाले विवेक सैनी की लिथोनिया में पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। इंडियाना में समीर कामत पिछले सप्ताह मृत पाए गए। एक अन्य छात्र नील आचार्य लापता हुए, बाद में उनकी मृत्यु होने की पुष्टि हुई। वहीं एक युवा अकुल धवन, जो इलिनोइस विश्वविद्यालय में पढ़ रहा था, पिछले माह मृत पाया गया। इसी तरह श्रेयस रेड्डी की मौत की खबर कुछ सप्ताह पूर्व आई। निश्चय ही ये हत्याएं उन छात्रों को व्यथित करने वाली हैं जो अमेरिका में अपने सपनों का संसार देखते हैं। निस्संदेह, ये घटनाएं उन मां-बाप के लिये दुखदायी हैं जो अपने चल-अचल संपज़ि बेचकर या जीवन की सारी पूंजी लगाकर अपने बच्चों का भविष्य संवारने अमेरिका भेजते हैं। ये बच्चे नस्लवादी व नशेड़ियों की हिंसा का शिकार बन रहे हैं। आज एक प्रतिशत भारतीय अमेरिकी अर्थव्यवस्था में छह फीसदी आयकर दे रहे हैं। उनकी संपन्नता कुछ अमेरिकियों की आंख में खटकती है। दरअसल, अमेरिका में बेरोजगारी काफी है और अपनी अयोग्यता के चलते भारतीय छात्रों का मुकाबला नहीं कर पाते। यह दुराग्रह उन्हें कालांतर में हिंसक बनाता है।दरअसल, केवल अमेरिकी युवा ही नहीं, अमेरिकी पुलिस भी नस्लवाद मुक्त नहीं है। एक भारतीय छात्रा की सड़क दुर्घटना में हुई मौत पर संवेदनहीन टिप्पणी करता एक पुलिसवाला पिछले दिनों सुर्खियों में था। सारी दुनिया में मानवाधिकारों व सांप्रदायिक सौहार्द की ठेकेदारी करने वाला अमेरिकी प्रशासन भी इस दिशा में गंभीर नजर नहीं आता। रोजगार के अवसरों की कमी के चलते उत्पन्न असंतोष की वजह से बड़ी संज़्या में अमेरिकी युवा नशे और अपराध की दुनिया में उतर रहे हैं।

# जलवायु परिवर्तन के संकेतक बने कीट-पतंगे

**‘इस साल सर्दी वैसी लद्दाखी सर्दी जैसी नहीं लग रही है। यह बहुत गर्म है। इस बार हम चरम सर्दियों में घरेलू मक्खियों और तितलियों जैसे कई कीटों को जीवित देख सकते हैं। यह लद्दाख जैसी जगह के लिए बहुत ही असामान्य है’, डाउन टू अर्थ पत्रिका के पिछले अंक में एक स्थानीय निवासी कुंचोक दोरजै को उद्धृत किया गया था।उन्होंने जो कहा उसने मुझे सोचने पर मजबूर कर दिया। सबसे पहले, यह मुझे ग्लोबल वार्मिंग पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में बोलने के लिए यूरोप की यात्राओं की याद दिलाता है जब मैं अपने मेज़बानों से कहता था कि वह समय बहुत दूर नहीं है**



जनवरी के अंतिम दिन हिमाचल प्रदेश, कश्मीर, लद्दाख और उत्तराखंड के ऊपरी इलाकों में सीज़न की पहली बर्फबारी हुई। लगभग डेढ़ महीने देर से, बदलते मौसम के मिजाज के दौर में बर्फबारी रहित सर्दियां हिमालय में भविष्य के बारे में चिंताएं बढ़ाती हैं।जबकि हमने कश्मीर में सुनसान गुलमर्ग घाटी में खाली स्की रिसॉर्ट्स की तस्वीरें देखी हैं और पर्यटकों द्वारा होटल बुकिंग रद्द करने की रिपोर्टें पढ़ी हैं, कृषि उत्पादन और पानी की उपलब्धता पर असर, नदियों में पानी के प्रवाह में कमी और फलों की फसलों पर शुष्क सर्दियों के प्रभाव- इन सभी पर चर्चा हो चुकी है, लेकिन लद्दाख में एक स्थानीय ग्रामीण की टिप्पणी ने मेरा ध्यान खींचा।

‘इस साल सर्दी वैसी लद्दाखी सर्दी जैसी नहीं लग रही है। यह बहुत गर्म है। इस बार हम चरम सर्दियों में घरेलू मक्खियों और तितलियों जैसे कई कीटों को जीवित देख सकते हैं। यह लद्दाख जैसी जगह के लिए बहुत ही असामान्य है’, डाउन टू अर्थ पत्रिका के पिछले अंक में एक स्थानीय निवासी कुंचोक दोरजै को उद्धृत किया गया था।उन्होंने जो कहा उसने मुझे सोचने पर मजबूर कर दिया। सबसे पहले, यह मुझे ग्लोबल वार्मिंग पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में बोलने के लिए यूरोप की यात्राओं की याद दिलाता है जब मैं अपने मेज़बानों से कहता था कि वह समय बहुत दूर नहीं है जब जलवायु गर्म होने के साथ-साथ, घरेलू कीड़े-मकोड़े जिनसे आप लोग घृणा करते हैं- और जिनमें मच्छर और तिलचट्टे भी शामिल हैं- समशीतोष्ण जलवायु में तेजी से दिखाई देंगे। तो मैं कहता था कि कीटों के हमले के लिए तैयार रहें। वे इसे हल्के-फुल्के अंदाज में खारिज कर देते, लेकिन हकीकत अब सामने आ रही है।

सर्दियां आती हैं, और आम तौर पर हम मच्छर-मक्खियों को गायब होते देखते हैं। फिर गर्मी का मौसम शुरू होते ही ये कीट वापस आ जाते हैं।

अध्ययनों से पता चलता है कि जैसे-जैसे मौसम गर्म होता है, कीट जलवायु परिवर्तन पर प्रतिक्रिया करते हैं, और उत्तर की ओर बढ़ रहे हैं। पारिस्थितिकी तंत्र की जटिलताएं और गर्म होता तापमान इस बात की दिलचस्प अंतर्दृष्टि प्रदान करता है कि दुनिया जिस जलवायु आपातकाल का सामना कर रही है, उस पर कीट जगत कैसे प्रतिक्रिया दे रहा है। क्योंकि दुनिया पहले ही ग्लोबल वार्मिंग से वैश्विक उबलने के युग में पहुंच चुकी है, इसलिए कीट प्रजातियां कठोर जलवायु पर कैसे प्रतिक्रिया देंगी, यह बारीकी से देखा जाना चाहिए।परंतु यदि मक्खियों ओर तितलियों जैसे कीट सर्दियों में आसपास दिखाई दिये हैं तो यह केवल असामान्य ही नहीं होगा बल्कि कीटों के इस बदलते व्यवहार को करीब से समझने की जरूरत है। गर्मी से बचने के लिए कीटों की और ज्यादा प्रजातियों के उत्तर की ओर रुख करने के साथ ही वह समय दूर नहीं जब कॉक्रोच और मच्छर भी उत्तर की ओर जाने लगें।वैसे भी, जबकि इस वर्ष मौसम के असामान्य पैटर्न ने हमारे साथ-साथ नीति निर्माताओं का ध्यान पर्यावरणीय प्रभावों और क्षेत्र की अर्थव्यवस्था पर होने वाले असर की ओर आकर्षित किया है, हम यह कल्पना करने में विफल रहते हैं कि तापमान में वैश्विक वृद्धि का कीट प्रजातियों के व्यवहार और वितरण पर क्या प्रभाव पड़ता है। हालांकि इस बारे में बहुत कुछ ज्ञात है कि कैसे बर्फ रहित सर्दी सेब के बागानों को सर्दियों के महीनों में जरूरी ठंडे तापमान से वंचित कर देती है, और मिसाल के तौर पर खुबानी सर्दियों में जल्दी क्यों फूलने लगती है।मानव आबादी के साथ इसके संपर्क के कारण पक्षियों और जानवरों पर भी इसके प्रभाव को बेहतर ढंग से समझा जा सकता है। उदाहरण के लिए, इटली में सस्सारी विश्वविद्यालय और फेरारा विश्वविद्यालय के अध्ययनों से पता चला है कि यूरोप में अल्पाइन बकरियां थकावट से बचने के लिए अब रात में बाहर जा रही हैं। यह दिन की गर्मी से बचने के लिए है लेकिन अन्य खतरों को भी आमंत्रित कर सकता है। उदाहरण के लिए, कई पक्षी प्रजातियां भी सिकुड़ने लगी हैं और कुछ अन्य मामलों में कुछ पक्षी प्रजातियों के पंखों का दायरा बढ़ रहा है ताकि शरीर को ठंडा रखने में मदद मिल सके।कीटों पर वापस आते हैं,

कुछ अध्ययनों से पता चलता है कि सामान्य आवास दुर्गम होने के चलते, तितलियों समेत कई कीट प्रजातियां अपने प्रवास पैटर्न को बदल रही हैं। पर्यावास के विनाश ने उनकी मुसीबतें बढ़ा दी हैं। साउथेम्प्टन विश्वविद्यालय के एक अध्ययन में पाया गया कि ब्रिटिश तितलियां बड़ी हो रही हैं। कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के एक अन्य अध्ययन में यह आशंका जताई गई है कि तापमान बढ़ने पर छोटी और हल्के रंग की उष्णकटिबंधीय तितलियां अंततः लुप्त हो सकती हैं।

रिसर्च में यह भी सामने आया कि आम तौर पर पहाड़ों में पायी जाने वाली तितली प्रजातियां ग्लोबल वॉर्मिंग के मुकाबले के लिए अपने निवास ओर ज्यादा ऊंचाई पर स्थानातरित करती हैं। बढ़ती जैव विविधता हानि के साथ, जो उनका प्राकृतिक आवास है।

# चुनावी बांड स्कीम से आहत हुआ वोटतंत्र

वरिष्ठ और महंगे वकीलों की श्रेणी में शुमार कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा चुनावी बांड पर प्रतिबंध के फैसले के बाद इस जजमेंट पर कहा कि लोकतांत्रिक चुनाव के दृष्टिकोण से विगत 25 वर्षों में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिया गया यह सबसे बड़ा न्याय संगत फैसला है तो क्या महोदय यह कहना चाह रहें की अब तक के फैसले अन्याय और पक्षपात पूर्ण थे. ! बतौर सोशल मिडिया कोर्ट नें मोदी सरकार के 10 वर्ष के कार्यकाल में पहली बार ऐसा फैसला सुनाने का साहस किया है जो कि केंद्र सरकार से सीधे जुड़े होने के साथ ही यह भारत की जनता के अधिकार एवं पूंजीपतियों, राजनीतिक दलों के भ्रष्टाचार से जुड़ा हुआ है।सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बॉन्ड से चंदा लेने पर तत्काल रोक लगा दी है। कोर्ट ने चुनावी बॉन्ड की गोपनीयता बनाये रखने को असंवैधानिक बताया है और इस पॉलिसी को रद्द कर दिया है। कोर्ट का कहना था कि चुनाव बॉन्ड की योजना सूचना के अधिकार के खिलाफ है। कोर्ट ने आयोग से कहा कि वो 2019 से अब तक की जानकारी तलब करे। अब बॉन्ड जारी करने वाले एसबीआई को यह जानकारी देनी होगी कि 2019 से लेकर अब तक कितने लोगों ने कितने- कितने रुपए के चुनावी बॉन्ड खरीदे ! ऐसे में काले धन को सफ़ेद करने वाले पक्षऔर विपक्ष के बड़े बड़े बिज़नसमैन परेशानी में पड़ सकते है। एसबीआई तीन हफ्ते में यह जानकारी देगी। उसके बाद चुनाव आयोग जनता तक यह जानकारी पहुंचाएगा। अब आइए जानते है कि यह इलेक्टोरल बॉन्ड है क्या ? कोई भी डोनर अपनी पहचान छुपाते हुए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से एक करोड़ रुपए तक मूल्य के इलेक्टोरल बॉन्ड्स खरीद कर अपनी पसंद के राजनीतिक दल को चंदे के रूप में दे सकता था और ये व्यवस्था दानकर्ताओं की पहचान नहीं खोलती और इसे टैक्स से भी छूट प्राप्त है। आम चुनाव में कम से कम एक फीसदी वोट हासिल करने वाले राजनीतिक दल को ही इस बॉन्ड से चंदा हासिल हो सकता था। चीफ जस्टिस ने कहा, ‘पॉलिटिकल प्रॉसेस में राजनीतिक दल अहम यूनिट होते हैं।



**कोर्ट ने चुनावी बॉन्ड की गोपनीयता बनाये रखने को असंवैधानिक बताया है और इस पॉलिसी को रद्द कर दिया है। कोर्ट का कहना था कि चुनाव बॉन्ड की योजना सूचना के अधिकार के खिलाफ है। कोर्ट ने आयोग से कहा कि वो 2019 से अब तक की जानकारी तलब करे। अब बॉन्ड जारी करने वाले एसबीआई को यह जानकारी देनी होगी कि 2019 से लेकर अब तक कितने लोगों ने कितने- कितने रुपए के चुनावी बॉन्ड खरीदे !**

**पंकज कुमार मिश्रा, मिडिया विश्लेषक एवं पत्रकार जौनपुर यूपी**

पॉलिटिकल फंडिंग की जानकारी, वह प्रक्रिया है, जिससे मतदाता को वोट डालने के लिए सही चॉइस मिलती है। वोटर्स को चुनावी फंडिंग के बारे में जानने का अधिकार है, जिससे मतदान के लिए सही चयन होता है। मुख्य न्यायधिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच जजों की बेंच ने तीन दिन की सुनवाई के बाद 2 नवंबर 2023 को इस मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। इलेक्टोरल बॉन्ड की वैधता मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने की। इस याचिका के याचिकाकर्ताओं में एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स कांग्रेस नेता जया ठाकुर शामिल रहीं। केंद्र सरकार की ओर से अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता सुप्रीम कोर्ट में पेश हुए थे। वहीं सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल, प्रशांत भूषण, एवं विजय हंसारिया ने याचिकाकर्ताओं की तरफ से पैरवी की थी। केंद्र सरकार की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पक्ष रखते हुए कहा था कि इलेक्टोरल बॉन्ड से राजनीतिक चंदे में पारदर्शिता आई है। पहले नकद में चंदा दिया जाता था, लेकिन अब चंदे की गोपनीयता दानदाताओं के हित में रखी गई है। चंदा देने वाले नहीं चाहते कि उनके दान देने के बारे में दूसरी पार्टी को पता चले। इससे उनके प्रति दूसरी पार्टी की नाराजगी नहीं बढ़ेगी। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि- अगर ऐसी बात है तो फिर सत्ताधारी दल विपक्षियों के चंदे की जानकारी क्यों लेता है ? विपक्ष क्यों नहीं ले सकता चंदे की जानकारी ? मोदी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में पेश अपने हलफनामें मे कहा कि देश की जनता को यह जानने का अधिकार नही है कि पैसा कहाँ से आया अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने कहा कि नागरिकों को पार्टियों का इनकम सोर्स जानने का अधिकार नहीं है वकीलों ने कहा कि ये बॉन्ड केवल रिश्वत हैं, जो सरकारी फैसलों को प्रभावित करते हैं। नागरिकों को जानने का हक है कि किस पार्टी को कहां से पैसा मिला। केंद्रीय सत्तारूढ़ दल को कुल योगदान का 60 प्रतिशत से ज्यादा मिला। अगर किसी नागरिक को उम्मीदवारों, उनकी संपत्ति, उनके आपराधिक इतिहास के बारे में जानने का अधिकार है तो उन्हें यह भी पता होना चाहिए कि राजनीतिक दलों को कौन फंडिंग कर रहा है ? बॉन्ड स्कीम कहती है कि अगर ईडी को पैसों के बारे में जानकारी चाहिए तो एसबीआई खुलासा कर सकता है, लेकिन सभी एजेंसियां सरकार के नियंत्रण में हैं और एसबीआई के भी। ऐसे में किसी को इसके बारे में पता ही नहीं चल सकेगा। ये बॉन्ड सत्ता में पार्टियों को रिश्वत के रूप में दिए जाते हैं। इससे सरकारी फैसले प्रभावित होते हैं। करीब-करीब सभी बॉन्ड केवल सत्ताधारी पार्टियों को ही मिले। 50त्न से ज्यादा केवल केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी और बाकी केवल राज्य में सत्तारूढ़ पार्टी को मिले। यहां तक कि 1त्न भी विपक्षी दलों को नहीं मिला है। एक आम आदमी को कैसे पता चलेगा कि 23 लाख कंपनियों में से किसने कितना दान दिया? लेकिन अगर केंद्र स्क्ष्ठ पर दबाव डालेगा तो उन्हें इसके बारे में पता चल जाएगा, लेकिन नागरिकों को यह जानने का अधिकार खत्म हो जाता ।

## प्राइम वीडियो ने किया ओरिजिनल क्राइम सीरीज़ ‘पोचर’ का ट्रेलर रिलीज





शांताक्रुज (ईस्ट), मुंबई स्थित ग्रैंड हयात्त होटल में आयोजित एक भव्य समारोह में बॉलीवुड की चर्चित अदाकारा आलिया भट्ट की उपस्थिति में प्राइम वीडियो ने बहुप्रतीक्षित ओरिजिनल सीरीज़ ‘पोचर’ का प्रभावशाली ट्रेलर रिलीज़ किया। ट्रेलर हाथियों समेत अन्य वन्य प्राणियों की निर्मम हत्या की दिल दहला देने वाली हकीकत की एक झलक प्रदान करता है। यह वन्यजीव संरक्षकों के एक विविध समूह का अनुसरण करता है जिसमें वन अपराध सेनानी, सच्ची घटनाओं के आधार पर ‘पोचर’ कुशलता से व्यक्तिगत लाभ और लालच से प्रेरित मानव कार्यों के परिणामों पर प्रकाश डालती है और इससे होने वाले संभावित जोखिमों और जंगल में विचरण करने वाले पशु पक्षियों को सही तरीके से संरक्षण देने के लिए मानव जाति को सही दिशा में काम करने के लिए प्रेरित करती है। लिखित और निर्देशित इस सीरीज़ में निमिषा सजयन, रोशन मैथ्यू और दिब्येंदु भट्टाचार्य मुख्य भूमिकाओं में शामिल हैं। ‘पोचर’ अंग्रेजी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और हिंदी में भी उपलब्ध होगी ।‘पोचर’ का निर्माण ऑस्कर विजेता प्रोडक्शन और फाइनेंस कंपनी क्यूसी एंटरटेनमेंट ने किया है, जिसने जॉर्डन पील की ‘गेट आउट’ और स्पाइक ली की ‘ब्लैकक्लांसमैन’ जैसी हिट फिल्में दी है। प्राइम मेंबरशिप की नवीनतम प्रस्तुति क्राइम सीरीज़ ‘पोचर’ आठ भागों में मुख्य रूप से मलयालम, हिंदी और अंग्रेजी में है और 23 फरवरी को भारत और दुनिया भर के 240 से अधिक देशों और क्षेत्रों में 35 से ज्यादा भाषाओं में उपशीर्षक के साथ विशेष रूप से प्राइम वीडियो पर इसका प्रीमियर किया जाएगा।

**प्रस्तुति : काली दास पाण्डेय**

# धर्मनिरपेक्षता का प्रतीक सद्भाव का अनूठा संगम की मिसाल बना यूएई का मंदिर !

गोंदिया ङ्क वैश्विक स्तरपर दुनियां के हर देश में जल ही जीवन है की विचारधारा को गंभीरता से रेखंकित किया जा रहा है, जो कि न सिर्फ बढ़ते जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणामों से मानवीय जीवन में अनिवार्य संसाधनों को भारी नुकसान पहुंच रहा है बल्कि इन संसाधनों में मानवीय के कारण भी बहुत विपरीत असर पड़ रहा है इसी को ध्यान में रखते हुए हर देश में जल और पर्यावरण सहित प्रकृति के जुड़े हर मसले पर सैकड़ो कानून बने हुए हैं इसके संबंध में भारत में भी जल प्रदूषण की (रोकथाम और नियोजन) अधिनियम 1977 में पर्यावरण के अनेक नियम व नियम कानून बने हैं, परंतु, चूंकि दिनांक 8 फरवरी 2024 को लोकसभा में जल प्रदूषण (निवाकर निराकरण तथा नियंत्रण) संशोधन विधेयक 2024 पर पारित किया गया है जिसे उच्च सदन राज्यसभा ने भी पहले ही 6 फरवरी 2024 को पारित कर लिया था।



यह दोनों सदनों में पारित हो चुका है, जो राष्ट्रपति महोदय के हस्ताक्षर के बाद कानून बन जाएंगा। मेरा व्यक्तिगत तौर पर यह मानना है कि इस संशोधित विधेयक से जल प्रदूषण में छोटे अपराधियों को अब जेल की सजा नहीं होगी, उससे बाहर कर दिया गया है सिर्फ जुर्माना ही लगेगा इस नई विचारधारा से नागरिक व्यवसाई और कंपनियां जिनकी तकनीकी या प्रक्रियात्मक चक के लिए बिना डर के कारण के काम करेगी जो कि प्रदूषण के खिलाफ संकल्प में बाधा उत्पन्न करने की संभावना को रेखांकित करता है, जिसपर पर्यावरण प्रेमियों की नजर है, अब जरूरत है इसे नियमित करने के लिए एक सख्त नियमावली बनाई जाए ताकि पर्यावरण व जल प्रदूषण के प्रति इनमें डर बना रहे क्योंकि जल संशोधन विधेयक 2024 में जल प्रदूषण के छोटे अपराधों को जेल से मुक्त रखा है। व केवल जुर्माना किया गया है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, जल संशोधन विधेयक 2024 से प्रदूषण के खिलाफ संकल्प कमजोर होने की आशंका को रेखांकित किया करना बहुत जरूरी है।

साथियों बात अगर हम जल संशोधन विधेयक 2024 की करें तो, पहले 6 को राज्यसभा में फिर आज 8 फरवरी 2024को संसदमें बृहस्पतिवार को जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) संशोधन विधेयक 2024 को मंजूरी दी, जिसमें जल प्रदूषण से संबंधित छोटे अपराधों को जेल की सजा की श्रेणी से बाहर करने, केंद्र को राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों के अध्यक्षों की सेवा शर्तों को निर्धारित करने में सक्षम बनाने और औद्योगिक संयंत्रों की कुछ श्रेणियों को वैधानिक प्रतिबंधों से छूट देने का प्रावधान किया गया है।लोकसभा में आज विधेयक पर चर्चा और पर्यावरण मंत्री के जवाब के बाद इस विधेयक को ध्वनिमत से मंजूरी दी गई।

गत छह फरवरी को इसे राज्यसभा में पारित किया गया था। लोकसभा में विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए पर्यावरण मंत्री ने कहा कि राज्यों के प्रदूषण बोर्डों को किसी तरह का निर्देश नहीं दिया जा रहा है, बल्कि सिर्फ कुछ नियम तय किए जा रहे हैं। मंत्री ने कहा कि पारदर्शिता और आम लोगों की सहायता करने वाले दिशानिर्देश ही जारी किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सिर्फ हरित उद्योगों को इस कानून से छूट होगी, लेकिन वह नियमों के तहत होगीस्कूलों और कॉलेजों में पर्यावरण को लेकर चेतना एवं जागरुकता फैलाने की जरूरत है सरकार नमामि गंगे परियोजना को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सभी को मिलकर इस परियोजना को एक जन आंदोलन बनाना चाहिए। मंत्री के जवाब के बाद सदन ने इस विधेयक को ध्वनिमत से पारित किया। पर्यावरण,मंत्री ने विधेयक पर हुई चर्चा के जवाब में कहा कि विकास और पर्यावरण संरक्षण एक साथ चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि जीवन जीने में आसानी और व्यापार करने में आसानी में सामंजस्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि विधेयक के प्रावधानों से जल प्रदूषण से संबंधित विभिन्न मुद्दों से निपटने में अधिक पारदर्शिता आएगी। विधेयक जल(प्रदूषणकीरोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम 1974 में संशोधन करेगा।यह अधिनियम जल प्रदूषण को रोकने और नियंत्रित करने के लिए केंद्रीय और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की स्थापना करता है। विधेयक कई उल्लंघनों को अपराध की श्रेणी से बाहर करता है और जुर्माना लगाता है। यह शुरुआत में हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और केंद्रशासित प्रदेशों पर लागू होगा।अधिनियम के अन्?तर्गत राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष को राज्य सरकार द्वारा नामित किया जाता है। विधेयक के प्रावधान के अनुसार, केंद्र सरकार अध्यक्ष के नामांकन के तरीके और सेवा की शर्तों को निर्धारित करेगी। विधेयक जल निकायों में प्रदूषणकारी पदार्थों के निर्वहन से संबंधित प्रावधानों के उल्लंघन के लिए दस हजार रुपये से 15 लाख रुपये तक का जुर्माना लगाता है।पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने और पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित करने के लिए बदलाव लाए गए हैं।

**किशन सनमुखदास भावनानी**

## अपनी समस्या हमें बतायें

**आपके साथ या आपके आस-पास कोई घटना, दुर्घटना, भ्रष्टाचार, जुर्म हुआ है या उत्पीड़न हुआ है अथवा आपके क्षेत्र की समस्या है और आपकी समस्या जायज है तो आपकी समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित उच्च अधिकारियों एवं शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के लिये बी पी एस न्यूज आपके साथ है। आपकी खबर शत् प्रतिशत प्रकाशित की जायेगी।एवं आपका नाम व नम्बर आपके अनुसार प्रकाशित या पूर्णतया गुप्त रखा जायेगा।**

**दिये गये नम्बर पर काल करें या हमें ई मेल करें।**

**फोन नं.- 8423454502, bps.knp786@gmail.com**

## आवश्यक सूचना

**प्रिय ग्राहकों/विज्ञापनदाताओं को सूचित किया जाता है कि बी.पी.एस. न्यूज समाचार पत्र में नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। कृपया चेक/डी.डी. बी पी एस न्यूज के नाम से ही चेक आदि भेजें। नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। नगद भुगतान करने पर विज्ञापनदाता स्वयं जिम्मेदार होंगे। - सज़्पादक**

## आवश्यकता है

**बी पी एस न्यूज राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक, साप्ताहिक समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल (पोर्टल) के लिये समस्त तहसीलों एवं ब्लाक स्तर पर ब्यूरो चीफ, संवाददाताओं, छायाकार तथा विज्ञापन प्रतिनिधियों युवक-युवतियों की आवश्यकता है।**

**सज़्पर्क करें -:**

मो.: 8423454502

email:bps.knp786@gmail.com

# बीएसएसडी कॉलेज में प्रारम्भ हुई वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताएं



बीपीएस न्यूज

कानपुर । बीएसएसडी कॉलेज की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में एथलेटिक के इवेंट खेले जा रहे है। कार्यक्रम का उद्घघाटन मुज़्य अतिथि प्रो0 श्याम शंकर सिंह क्षेत्रीय उच्च शिखा अधिकारी कानपुर मडल, अध्क्ष्ता वीरेन्द्र सिंह सचिव प्रबंध समिति, प्रो0 बिपिन चंद्र कौशिक सचिव, प्राचाय, नमन यादव विभागध्यक्ष क्रीडा विभाग द्वारा कबूतर और गुज़्बारे उडाकर किया गया। इस प्रतियोगिता के प्रथम दिन शिक्षकों की सौ मीटर दौड और शिक्षिकाओं की 50मीटर दौड़ भी आयोजित हुई जो मुज़्य आकर्षण का केंद्र रहा।खेलकूद प्रतियोगिता के प्रथम दिन सौ मीटर दौड में कीर्ति यादव, शांति, राशी साहू, याशी सचान, सुधा निषाद तथा दिव्यांशी भारद्धाज, 200 मीटर दौड में कीर्ति यादव, दिव्यांशी, स्वाती, गोला फेकने में सुधा निषाद, कीर्ति यादव, शांति, बालक वर्ग की 100 मीटर दौड में अयज, प्रशांत, एकर्षी, 200 मीटर में अजय, प्रशांत कुमार, जलज बाजपाई, 800 मीटर दोडमें उमेष निशाद, अजय, एकर्षि तथा 5 हजार मीटर दौड में प्रथम सत्यशील मिश्रा, जलज बाजपाई आदि ने स्थान प्राप्त किए। इस अवसर पर प्रो0 अनिल मिश्रा, प्रो0 आरके पांडे, प्रो0 विजय पाल, प्रो0 मनोज अवस्थी, प्रो0 विकास गंगवार, प्रो0 अनीता, ऋषि त्रिपठी, अरविंद दीक्षित, नीरू टंडन, प्रो0 नंदलाल, डा0 कंचन मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## उपनयन संस्कार एवं रुद्राभिषेक में हुआ विशाल भंडारा

बीपीएस न्यूज

कानपुर । श्री संकट मोचन विजय हनुमान एवं श्री दुर्गा मंदिर किदवई नगर में बसंत पंचमी महोत्सव को आयोजन धूमधाम से किया गया इस मौके पर उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि विगत कई वर्षो से श्री हनुमान गुरुकुल आश्रम के द्वारा आयोजित बसंत पंचमी महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है कार्यक्रम में सरस्वती पूजन एवं गोपूजन वेद आरंभ केशांत समावर्तन संस्कार उपनयन संस्कार एवं रुद्राभिषेक का आयोजन सुबह प्रातः काल से किया गया कार्यक्रम आयोजक श्री हनुमंत लाल एवं व्यवस्थापक आचार्य पंडित विमल शास्त्री ने बताया कि हजारों की संज़्या में मौजूद भक्तों ने कार्यक्रम में बढ़कर हिस्सा लिया ।

इस दौरान जय जय श्री राम के जोरदार नारे लगाए गए कार्यक्रम के उपरांत प्रसाद वितरण एवं विशाल भंडारे को हजारों की संज़्या में श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि समस्त क्षेत्र वासियों के सहयोग से निरंतर वर्ष भर में अनेकों अनेक कार्यक्रम सामंजस्य के साथ कराया जा रहे हैं जिसमें जल्द ही कन्याओं का सामूहिक विवाह भी कराया जाएगा इस दौरान अध्यक्ष राम जीवन तिवारी शिवराम सिंह मुकुंद गुप्ता उपाध्यक्ष योगेश तिवारी वीरेंद्र सिंह चौहान प्रशांत बाजपेई सनी गांधी अमित मिश्रा आनंद तिवारी पप्पू तिवारी विकास गुप्ता मनोज जैन अभिषेक पांडे सहित काफी संज़्या में पदाधिकारी मौजूद रहे ।



## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत निकाली गई रैली

बीपीएस न्यूज

कानपुर । राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत सड़क सुरक्षा रैली का आयोजन किया गया। जिसमें भेल के परियोजना निदेशक वीरेंद्र सिंह ने सड़क सुरक्षा रैली का शुभारंभ किया भेल के परियोजना निदेशक वीरेंद्र सिंह द्वारा पनकी परियोजना के मुज़्य द्वार से हरी झंडी दिखा कर किया सड़क सुरक्षा माह के मनाने के मुज़्य उद्देश्य एवं सड़क सुरक्षा के महत्व को समझाते हुये सड़क सुरक्षा को लेकर हमारी जिज़्मेदारीयो के बारे मे उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया सड़क सुरक्षा रैली पनकी परियोजना के मुज़्य द्वार से प्रारज़्भ होकर पुरे परियोजना का भ्रमण करते हुये कूलिंग टावर के पास जा कर समाप्त हुई। इस दौरान परियोजना मे कार्यरत श्रमिकों को सड़क यातायात एवं परियोजना परिसर मे भरी वाहनो (ट्रेलर,हाईवा, क्रेन, हाईड्रा आदि) के परिचालन से संबन्धित सुरक्षा नियमो के बारे मे जागरूक किया गया। सड़क सुरक्षा रैली मे भेल के सभी उपसंबिदाकारो के लगभग 200 वाहन के चालको,आपरेटरों एवं अन्य कार्यरत श्रमिकों ने भाग लिया। साथ ही साथ श्रमिकों के लिए सड़क सुरक्षा पर ऑन द स्पॉट प्रश्नोज़्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमे सभी वाहन चालको, आपरेटरों एवं अन्य कार्यरत श्रमिकों ने बढ़ चढ़ का भाग लिया। इस सड़क सुरक्षा रैली का आयोजन भेल सुरक्षा विभाग द्वारा भेल के परियोजना निदेशक के दिशा निर्देश के तहत किया गया। मुकेश कुमार सिंह ने इस वर्ष के राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2024 के थीम फ्रसड़क सुरक्षा नायक बनेफ्र पर विस्तार से प्रकाश डालते हुये उपस्थित श्रर्मिकों को जागरूक किया। इस सड़क सुरक्षा रैली का संचालन सुरक्षा विभाग के मुकेश कुमार सिंह, राकेश सिंह यादव एवं प्रमेश कुमार द्वारा किया गया। साथ ही साथ भेल के उपसंबिदाकारो के सुरक्षा अधिकारियों ने भी भाग लिया। भेल पनकी सुरक्षा विभाग सभी सड़क उपयोगकर्ताओ से अनुरोध करता ही कि सड़क पर चलते समय यातायात के नियमों का पूरा पालन करें। सड़क पर लगे संकेतांकों का सही अनुसरण करें, ताकि आपके साथ कोई हादसा ना होने पाए। इन संकेतों में सिग्नल्स, जेब्रा क्रॉसिंग,और ट्रैफिक लाइट शामिल हैं। पीएलवी गोपाल गुप्ता द्वारा आगामी 9 मार्च को लगने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में कर्मचारियों को विधिक जानकारी प्रदान की इसके साथ ही आने वाले दिनों मे भी इस तरह के परिक्षण एवं जागरूकता के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहेगा।



## मेडिकल कॉलेज के बाल रोग विभाग में तीन दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का समापन

बीपीएस न्यूज

कानपुर । जन्म से लेकर 28 दिन तक के बच्चे की अवस्था को नवजात कहा जाता है। बीमारियों और संक्रमण की दृष्टि से यह अवस्था बेहद संवेदनशील होती है। इस अवस्था में अगर बच्चे को किसी भी प्रकार की बीमारी हो और उसे तुरंत चिकित्सा मिल जाए, तो उसके जीवन की रक्षा हो जाती है। इससे शिशु मृत्यु दर में भी कमी आती है। यह बातें जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के बाल रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अरुण कुमार आर्या ने कहीं। वह गुरुवार को न्यू बॉर्न स्टेबिलाइजेशन यूनिट (एनबीएसयू) के तीन दिवसीय प्रशिक्षण सत्र के समापन अवसर पर विभिन्न जिलों से आए चिकित्सकों और स्टाफ नर्स को सज़्बोधित कर रहे थे। प्रशिक्षण सत्र में करीब 22 चिकित्सकों और स्टाफ नर्स को प्रशिक्षण दिया गया। डॉ आर्य ने बताया कि पैदाइश पीलिया ग्रसित बच्चे, न रोने वाले बच्चे, बुखार पीड़ित बच्चे, कम वजन के नवजात और जन्म के समय गर्भ का गंदा पानी पी लेने वाले बच्चे न्यू बॉर्न स्टेबिलाइजेशन यूनिट में रखे जाते हैं। अगर बच्चे का वजन 1800 ग्राम से भी कम है, तो उसे उच्च चिकित्सा संस्थान रेफर कर दिया जाता है। उन्होंने बताया कि बच्चे के इलाज के दौरान उसका स्तनपान भी जारी रखा जाता है।

## बीजेपी नेता ने फोन पर की पीआरओ से अभद्रता, लाव लश्कर से साथ कार्यालय पहुंचने की दी धमकी



कानपुर नगर, एक बीजेपी नेता द्वारा बर्रा के हिस्ट्रीशीटर अजय ठाकुर तथा उसके गुर्गो का समर्थन करते हुए कमिश्नर के मोबाइल पर फोन कर उनके पीआरओ से अभद्रता की गयी। इतना नही नही फोन करने वाले ने खुद को बीजेपी नेता बताया तथा पूरे लाव-लश्कर के साथ कार्यालय पर चढाई करने की धमकी भी दी। यह बीजेपी का नेता कौन है इस सज़्बन्ध में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है तो वहीं कथित नेता आ ऑडियों भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

बदादें कि बर्रा का हिस्ट्रीशीटर अजय ठाकुर तथा उसके गुर्गो का समर्थन करते हुए व्यक्ति ने खुद को बीजेपी नेता कहते हुए कमिश्नर कार्यालय में फोन किया और उनके पीआरओ को कार्यालय पर चढाई करने की धमकी दी। इसका ऑडियों भी सोशल मीडिया में वायरल हो गया तो वहीं इस कथित बीजेपी नेता की पुलिस द्वारा तलाश शुरू कर दी गयी है। यह भी बतातें चले कि अजय ठाकुर दबंग और अपराधिक प्रवज़ि का व्यक्ति है जो हिस्ट्रीशीटर है तथा उस पर कई आपराधिक मामले भी है जिमसें बर्रा के जरौली में कुछ ही दिन पहले अपना दल एस की रैली पर हमलाकर पथराव किया था, जिमसें चार लोग घायल हुए थे और वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गये थे। वही कई मामले रंगदारी मांगने मामले भी है। पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर अजय ठाकुर पर 50 हजार का इनाम भी घोषित किया था। जो फोन कमिश्नर को किया गया उसमें कहा गया कि हिस्ट्रीशीटर व उसके साथी बेगुनाह है और सभी पर फर्जी मुकदमें दर्ज किए गये है। आप लोगों को सवैधानिक अधिकार है फिर भी आप लोग अंधे बने हुए है। वहीं अब कॉल आने के बाद अपने को बीजेपी नेता बताने वाले व्यक्ति की पुलिस द्वारा तलाश की जा रही है।

## व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों की हुई बैठक

कानपुर । मर्चेंट चैंबर ऑफ़ उज़र प्रदेश के साथ कानपुर नगर के अनेक व्यापारिक संगठनों चार्टर्ड अकाउंटेंट, आईआईए, आर्किटेज़्ट एसोसिएशन संगठन, किराना मर्चेंट्स, कपड़ा कमिटी, महिला व्यापार मंडल अनेक संस्थाओं के साथ बैठक की गयी जिसमें चैज़्बर की ट्रेड कमिटी के चेयरमैन टीकमचंद सेठिया व ट्रेड कमिटी के एडवाइजर विजय पांडे उपस्थित रहे। आर्किटेज़्ट संगठन से अनिल वर्मा ने कहा कि कानपुर की बिरहाना रोड को सैंपल डिजाइन किया है कानपुर के सुंदरीकरण के लिए जो हो सकता है वह करूंगा। धीरेंद्र मिश्रा ने कहा कि उनकी एसोसिएशन सरकारी विभागों के साथ काम करेंगी। नगर की सही प्लानिंग वाली पेंटर सेवा के रूप में करेंगे। बलराम नरूला ने कहा गंगा सफाई के नाम पर कानपुर की टेज़्सटाइल / लेदर इंडस्ट्री को प्रशासन जब चाहता है बंद कर देता है इससे हमारे उद्योग पर विपरीत प्रभाव पड़ता है ।

## केंद्रीय विज़ मंत्री से एमएमएसई व जीएसटी के तहत व्यापारियों व उधमियों को पेमेंट के लिए समय सीमा निर्धारित करने की मांग



कानपुर नगर, भारतीय उधोग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री ज्ञानेश मिश्र ने बताया कि एमएसएमई की सूक्ष्म व लघु उधोग से खरीददार के लिए बनाई गई आयकर की धारा को इस वित्तीय वर्ष में स्थगित करने व अगले वित्तीय वर्ष 2024–25 से सभी रजिस्टर्ड व्यापारियों व उधमियों को शामिल करते हुए उनसे राय लेकर सभी के लिए पेमेंट देने की एक सयम सीमा निर्धारित करने के सम्बन्ध में केंद्रीय वित्त मंत्री भारत सरकार निर्मला सीतारमन को पत्र भेजा गया है।

ज्ञानेश मिश्रा ने बताया कि वित्त मंत्री से कहा गया है कि इस नियम में इन इकाइयों से माल खरीदने वाले वपारियों द्वारा 31 मार्च 2024 के उपरांत 1 अप्रेल से बकाया धनराशि जाने पर उस धनराशि को उसकी आय में मान कर टैक्स आरोपित कर दिया जाये साथ ही इस नियम को कही न कही सूक्ष्म व लघु उधम इकाइयों को बढावा देने के लिए था लेकिन इस नियम के कारण इस फरवरी माह से सूक्ष्म व लघु उधम इकाइयों से खरीदार व्यापारियों ने माल खरीदना लगभग बंद कर दिया है तथा 31 मार्च 2024 तक पेमेंट न दे पाने व अगले वर्ष कबाया जाने पर नेनाल्टी का भी प्रावधान है, जिससे खरीददार वपारियों को दिक्कते आ रही है। मांग करते हुए कहा कि आयकर की धारा 43बी(एच) को इस वित्तीय वर्ष में स्थगित किया जाये तथा एमएसएमई व जीएसटी के तहत आने वाले सभी रजिस्टर्ड व्यापारियों व उदधमियों को शामिल करते हुए उनसे राय मशवरा लेकर सभी के लिए पेमेंट देने की एक समय सीमा निर्धारित की जाये।

## पीड़िता ने लगाई पुलिस आयुक्त से इंसाफ की गुहार



कानपुर। पीड़िता ने लगाई पुलिस आयुक्त से इंसाफ की गुहार बताया कि अमरीन फातिना पत्नी मो0 यासीन उर्फ मीनू नि0 बंगला मीरपुर है। मेरे पति मो0 यामीन उर्फ मीनू पुत्र हाजी शरीफ नि0– चमनगंज 99/185 है। मेरे पति यामीन से मेरा विवाह 2013 में हुआ विवाह के उपरान्त हमारा एक पुत्र मो0 मतीन पुत्र मो0 यामीन उम्र 8 वर्ष जो कि जन्म के छह महिने के पश्चात बाद वह बीमार हो गया समय से इलाज न हो पाने के कारण वह मानसिक, शारिरिक संतुलन खो बैठा।

विवाह के उपरान्त हमारे बीच मार–पीट घरेलू झगड़ा हुआ जिसमें मेरे पारिवारिक लोग के बीच का विवाद खत्म हुआ परन्तु हाजी मोईन पुत्र हाजी शरीफ नि0– चमनगंज है। जो कि मेरे पति यामीन के बड़े भाई है। हाजी मोईन के बीच में दखल–अदांजी से हमारे बीच पति–पत्नी में विवाद हुआ जिसमें 12/05/2022 को मेरे पति ने हमे मारा पीटा जिसमे मेरी घालत गम्भीर हुई उसके बाद हम अपने मायके चले गये। 01/07/2023 को हम अपना विवाद शरई अदालत रजबी रोड शहर काजी मुफ?ती साकिब अदीब मिस्बाही के पास लेकर गये जिसमे मुफ?ती साकिब अदीब ने मुझसे कहा मैं आपका छुटकारा करवा देता हूँ साकिब अदीब मुफ्ती ने फाइल के बाद मुझसे खाली कागज पर साइन करवाया और कहा मेरा तलाक हो गया। मेरे पति यामीन का मानसिक संतुलन ठीक न बताया और तलाक के बाद जब मैने बोला कागज दे और मेरे दहेज का समान मुझे वापस दो। तब हाजी मोईन सपा विधायक हाजी इरफान सोलंकी का गुर्गे है उसने हमे धमकी दी की समान मांगा तो चेहरे पर तेजाब डाल देंगे। सीसामऊ पुलिस मेरे इशारे पर है। मेरा सम्बन्धित थाने में सेटिंग है। मैंने फिर मुफ्ती साकिब से बताया तो वो बोले जो करपाओ करलो सामान, सोना, चौंदी कुछ नही मिलेगा पिछले 8 महीने से मैं शहर काजी साकिब अदीब के दफ्तर के चक्कर काट रही हूँ। लेकिन मुझे मेरा सोना, जेवर, व दहेज का सामान नही मिला ना बेटे के इलाज का पैसा मेरे! इस पर काजी शहर साकिब ने कहा कि पीड़ित जो आरोप लगा रही है वह सरासर झूठ है!

## अयोध्या से आए महन्त ने आश्रम में रह रहे अर्धविक्षिप्तों से किया संवाद



बीपीएस न्यूज

कानपुर । नौबस्ता क्षेत्र में स्थित अपना घर आश्रम में श्री राम वल्लभा कुंज जानकी घाट अयोध्या जी से पधारे स्वामी महेंद्र दास मयंक के द्वारा आश्रम में रह रहे विक्षिप्त लोगों से मिलकर वार्ता की गई इस दौरान अपना घर आश्रम की अध्यक्षा उमा शुज़्ला एवं सचिव जेपी सिंह ने स्वामी महेंद्र दास मयंक महाराज का स्वागत एवं शाल उढ़ाकर किया आश्रम में रह रहे सभी प्रभु जी से मिलकर स्वामी महेंद्र दास मयंक अतिप्रसन्न दिखे उन्होंने अपने संबोधन में बताया कि वैसे तो प्रदेश में कई आश्रम संचालित हो रहे हैं किंतु नौबस्ता में स्थित अपना घर आश्रम की खासियत अपने आप में अलग ही है उन्होंने आश्रम में विगत कई वर्षों से रखी जा रही जरूरत की चिट्ठी को भी देखा सचिव जेपी सिंह ने बताया कि बिना किसी सरकारी मदद के निरंतर कई वर्षों से अध्यक्षा उमा शुज़्ला एवं समस्त नगर वासियों के सहयोग से सड़क किनारे अर्ध विक्षिप्तों को आश्रम संरक्षण देने का कार्य विगत कई वर्षों से कर रहा है ।

आश्रम में सभी को उचित भोजन व्यवस्था के साथ-साथ उनके स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जाता है सैकड़ो की संज़्या में प्रभु जी को सकुशल उनके घरों में वापसी आश्रम के द्वारा कराई गई है

स्वामी महेंद्र दास मयंक ने अपना घर आश्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि कूड़ेके ढेर में पड़े भोजन को जब जानवर भी नहीं खाता ऐसे व्यक्तियों को खोज कर उनके बाल कपड़े स्वस्थ रहने इत्यादि की सेवा अपना घर आश्रम जो कर रहा है वह अपने आप में काबिले तारीफ है अध्यक्षा उमा शुज़्ला ने बताया कि निरंतर डाबर कंपनी के द्वारा समय-समय पर आश्रम एवं समाज में वितरण के लिए खाद्य सामग्री एवं पेय पदार्थ भेजे जाते हैं जिन्हें पाकर निर्धन निर्बल असहाय समाज के लोग अति प्रसन्न होते हैं उन्होंने अपील करते हुए कहा कि आप भी समाज के का अभिन्न अंग है ऐसे अर्ध विक्षिप्त सड़क किनारे रह रहे लोगों की सेवा करना भी हमारा ही कर्तव्य है स्वामी महेंद्र दास मयंक ने बताया कि जल्द ही करौली में श्री राम बल्लभा कुंज जानकी घाट अयोध्या के द्वारा बालेश्वर धाम शाखा का शुभारंभ कानपुर में किया जा रहा है जिसमें दक्षिणमुखी हनुमान जी एवं भव्य राम दरबार के साथ अन्य भगवान विराजमान होंगे आश्रम में 24 घंटे भोजन इत्यादि की निशुल्क व्यवस्था की जाएगी तथा भक्तों के रहने का भी उचित व्यवस्था आश्रम के द्वारा की जाएगी आश्रम में सबसे बड़ा गौशाला का भी कार्य प्रगति पर है गौशाला में नगर समेत आसपास के जिलों में सड़कों पर रह रही गौ माता को लाकर उनकी उचित देखभाल की जाएगी ।

# केडीए में उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई टीडीएस संबंधित कार्यशाला

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर ।गुरुवार को आयकर विभाग द्वारा केडीए स्थित श्री अटल बिहारी बाजपेयी प्रेक्षाग्रह में आयकर टीडीएस /टीसीएस से सज़्बन्धित कार्यशाला जिलाधिकारी एवं उपाध्यक्ष केडीए राकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में सज़्पन्न हुई। मुज़्य अतिथि आयकर आयुक्त राकेश कुमार गुप्ता व उप आयकर आयुक्त दीपक यादव जी व आयकर विभाग के अन्य अधिकारियों के द्वारा विभिन्न आयकर टीडीएस प्रावधानों के बारे में जानकारी देते हुये विशिष्ट रूप से प्राधिकरण के कार्यकलापों मे आयकर एवं टीडीएस के कटौती की आवश्यकता, दायित्व तथा प्रक्रियाओं पर अद्यतन नियमों, परिनियमों की पॉवर प्वाइंट प्रेजेन्टेशन के माध्यम से जानकारी दी गई।जिलाधिकारी/ उपाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह द्वारा समस्त केडीए कर्मचारियों को सज़्बोधित कर आयकर के प्राविधानों की जानकारी होने तथा आयकर कटौतियों के नियमों के अनुपालन पर सावधानी पूर्वक कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया गया।आयकर आयुक्त व उप आयुक्त द्वारा प्राधिकरण के अधिकारियों/ कर्मचारियों की जिज्ञासाओं/समस्याओं के सज़्बन्ध में समाधान प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्राधिकरण के चार्टर्ड एकाउन्टैण्ट दुर्गेश सिंह द्वारा किया गया।



## बसंत पंचमी के पावन अवसर पर सरस्वती पूजन, सुंदरकांड, भजन कीर्तन, भंडारा का किया गया आयोजन

कानपुर । बसंत पंचमी के पावन अवसर पर बालाजी भक्त परिवार सुमित बालाजी के आठवें स्थापना दिवस पर संगीतमय सुंदरकांड भजन कीर्तन भंडारा सरस्वती पूजन व बालाजी महाराज का विशेष पूजन सोनू शिवांगी ग्रुप द्वारा नृत्य नाटिका का आयोजन किया गया इसमें पटकापुर के निवासी एवं सभी भक्तों ने आनंद उठाया बालाजी के महान अनुभव पांडे एवं पटकापुर स्वच्छता समिति के अध्यक्ष अरुण कुमार अस्थाना ,मनीष अग्रहरि, कमल चंद बाजपेई, गीता पांडे, मनीष अस्थाना, दीपक निगम आदि लोग उपस्थित हुए।



# थाना सेन पश्चिम पारा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। पुलिस उपायुक्त दक्षिण रवीन्द्र कुमार द्वारा थाना सेन पश्चिम पारा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया निरीक्षण में थाने के अभिलेखों,महिला हेल्प डेस्क, सीसीटीएनएस आदि चेक किये गये तथा थाना प्रभारी से क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटरों के क्रियाकलापों की वर्तमान स्थिति व निगरानी के बारे में जानकारी की गई साथ ही आसन्न लोकसभा चुनाव को देखते हुए थाना प्रभारी, बी.पी.ओ. एवं चौकीदारों से वार्ता कर निर्देश दिये गये कि क्षेत्र के संवेदनशील/ अति संवेदनशील, पोलिंग बूथों की समीक्षा कर ली जाए तथा संवेदनशीलता के कारणों का परीक्षण करते हुए चुनाव में गड़बड़ी करने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर लिया जाए, क्षेत्र में स्थापित विभिन्न महापुरूषों की प्रतिमाओं की देखरेख एवं सुरक्षा की समुचित व्यवस्था की जाए। थानाक्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले विभिन्न महत्वपूर्ण मार्गों पर अतिक्रमण हटवाकर यातायात व्यवस्था बनाये रखी जाए किसी भी परिस्थिति में जाम न लगने पाये। साथ ही स्थानीय व्यक्तियों से जनसंवाद स्थापित करते हुए ऑपरेशन त्रिनेत्र के अन्तर्गत सभी चौराहों एवं महत्वपूर्ण स्थानों पर कैमरों को स्थापित कराने की कार्यवाही की जाए। थाना प्रभारी को द्बत्नऋ से प्राप्त शिकायतों के गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण करने/ कराये जाने तथा चौकीदारों एवं बी.पी.ओ. को अपने क्षेत्र से सम्बन्धित आवश्यक सूचनाओं के संकलन एवं जनसंवाद स्थापित करते हुए शिकायतों का शीघ्र निराकरण करने हेतु निर्देशित किया गया।

# बिना हेलमेट अधिवक्ता को रोक कर मांगा 500 का नोट, न देने पर होमगार्ड ने जड़ा तमाचा

### अधिवक्ता की मोटरसाइकिल भी हुई गायब, वकीलों ने सुतरखाना चौकी का किया घेराव





**गुलशन/ आशीष शर्मा**

कानपुर। कचहरी से अपने निवास स्थान काहू कोठी को जा रहे ब्रज कुमार भारतीया अधिवक्ता को घंटाघर चौराहे पर हेलमेट न लगाने की वजह से ट्रैफिक होमगार्ड वीरेंद्र कुमार ने रोक लिया और रूपए500 मांगने लगा।

अधिवक्ता के रुपए न देने पर होमगार्ड ने अधिवक्ता को तमाचा जड़ दिया और गाली गलौज करने लगा। यह हंगामा होते देख आसपास के और लोग भी आ गए। भीड़ बढ़ती देख होमगार्ड वहां से खिसक लिया।

अधिवक्ता सामने बनी पुलिस चौकी में इस बात की शिकायत करने के लिए पहुंचा। थोड़ी देर के बाद वह चौकी से बाहर निकाल तो देखा कि उसकी बाइक भी वहां से गायब है। अधिवक्ता के सहयोगी और भी अधिवक्ताओं ने घंटाघर चौकी का घेराव कर लिया और मौके पर मौजूद एसीपी से होमगार्ड के खिलाफ तहरीर देते हुए एफ एआईआर दर्ज करने की बात पर अड़ गए।

# गल्ला व्यापारी के यहां चोरो ने किया हाथ साफ



### –घर में रखा दहेज का सामन, जेवर सहित नकदी लेकर फरार हुए चोर

कानपुर। थाना बिधून क्षेत्र में अज्ञात चोरो द्वारा एक गल्ला व्यापारी के घर को निशाना बनाते हुए चारो ने व्यापारी के घर पर रखा दहेज का सामान जेवर तथा नकदी पर हाथ साफ कर दिया। सुबह जब घटना की जानकारी व्यापारी तथा उनके परिजनों को हुई तो तत्काल पुलिस को सूचना दी गयी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच शुरू की। जानकारी के अनुसार थाना बिधनू क्षेत्र के चैराई गांव के रहने वाले गल्ला व्यापारी मो0 सिददीकी उर्फ मुन्ना के घर चोरो ने धावा बोला और उनके घर से जेवर, दहेज का सामान तथा नकदी लेकर फरार हो गये। घटना के सज़्बन्ध में पीडित मुन्ना ने बताया कि तीन महीने पहले ही उन्होने अपने बडे बेटे अजरूददीन की शादी की थी और उसकी शादी में मिला दहेज का सामान मकान के ऊपर के कमरे में रखा था। बेटा अपनी पत्नी के साथ लखनऊ में रहकर नौकरी कर्ता है और यहां उसकी पत्नी, बेटा व बेटी रहती है। बताया कि रोज की तरह वह सभी खाना खाने के बाद सो गये, सुबह दूसरी मंजिल का दरवाजा खुला पाया गया। बताया कि उनके बगल में ही उनके छोटे भाई का मकान बन रहा है जहां से चोर आई आई चढकर उसके घर घुसे और चोरी की घटना को अंजाम दिया। फिलहाल पुलिस ने पीडित व्यापारी से शिकायतपत्र लेकर जांच शुरू कर दी है।

## चोरों ने उड़ाया नकदी सहित लाखों का सामान,जांच में जुटी पुलिस

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। सरसौल विकास खण्ड सरसौल के अंतर्गत ग्राम पंचायत महोली में देर रात्रि अज्ञात चोरों ने घर को निशाना बनाते हुए नकदी सहित लाखों रुपए का सामान पार कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित महेन्द्र सिंह निवासी ग्राम महोली कानपुर नगर के द्वारा पुलिस को सूचना देते हुए बताया कि बुधवार देर रात्रि अज्ञात चोर मकान के पीछे से छत पर चढे तथा सीढ़ियों से उतर कर दाखिल हुए तब परिवार के सभी लोग घर के आँगन में सो रहे थे। तत्पश्चात चोरों ने मकान में प्रवेश कर कमरे में रखी अलमारी व सन्दूक के ताले तोड़ कर चोरों ने सोने की चेन,कर्ण कुंडल, मंगलसूत्र,पायल एवं लगभग दस हजार रुपये नकदी सहित अन्य कीमती सामान चोरी कर ले गए। सुबह जब परिजनो की आँख खुली तो कमरे में रखी संदूक आदि का ताला टूटा हुआ तथा सामान भी बिखरा पड़ा था जिसे देखकर उनके होश उड़ गए। पीड़ित ने यह भी बताया कि चोर घर से लगभग तीन लाख रुपये से अधिक का सामान चोरी कर ले गए हैं। स्थानीय पुलिस प्रशासन को सूचना मिलने के पश्चात त्वरित कार्यवाही करते हुए घटनास्थल पर पहुँच कर मामले की छानबीन में जुट गई। थानाध्यक्ष महराजपुर अभिषेक शुज़्ला ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही खुलासा किया जाएगा।

## रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला शव, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

कानपुर ।रेलवे लाइन पर एक व्यक्ति का शव पडा देखने के बाद राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शव की शिनाख्त की गयी और मृतक के परिजनों को सूचित किया गया। मौके पर पहुंचे परिजनों तथा अन्य गांव के लोगो ने हत्याकर शव रेलवे लाइन पर फेकने का आरोप लगाया।जानकारी के अनुसार थाना बिठूर क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस को रेलवे ट्रैक पर एक शव पडे होने की सूचना दी गयी। मौके पर पहुंची पुलिस ने वहां एकत्र भीड को हटाया तथा शव के शिनाख्त के लिए लोगों से पूंछ-तांछ शुरू की। मृतक की शिनाख्त सलमान उर्फ मुन्ना पुत्री जहांगीर निवासी ग्राम भवानीपुर, थाना चैबेपुर के रूप में हुई। पुलिस द्वारा मृतक के परिजनों को सूचना दी गयी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। वहीं परिजनों तथा अन्य ग्रामवासियों ने हत्याकर शव को रेलवे लाइन में फेंकने का आरोप लगाया।



# अराजकतत्वों ने अंबेडकर प्रतिमा को खंडित कर शांति बिगाड़ने का किया प्रयास

### भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने मौके पर पहुंचकर किया हंगामा, आक्रोशित भीड़ को पुलिस द्वारा समझाने की कोशिश

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर । एक बार फिर अराजतत्वों द्वारा बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा को खण्डित कर शहर में अशांती फैलाने का प्रयास किया गया। प्रतिमा खंडित होने की सूचना पर भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं के साथ आम लोग भी मौके पर पहुंचे और हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस द्वारा किसी प्रकार आक्रोशित लोगों को शांत कराया जा सका।





लगातार शहर में अराजकतत्वों द्वारा शांती बिगाडने का प्रयास किया जाता रहा है। पहले भी कई स्थानों पर बाबा साहेब की मूर्ति के साथ छेड-छाड कर यह करने की कोशिश की गयी। एक बार फिर अराजकतत्वों द्वारा कानपुर के स्थाना सचेंडी क्षेत्र के एस इंटर कॉलेज परिसर में लगी बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को खंडित किया गया, जिससे लोगों में आक्रोश पैदा हो गया। बाबा साहेब की प्रतिमा खंडित होने की सूचना पर भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं द्वारा मौके पर पहुंचकर हंगामा शुरू कर दिया गया। कुछ लोगों का कहना है कि जान-बूझ कर हमें ठेस पहुंचाने के लिए ऐसा किया जाता है तो कुछ लोग इसे शांती भंग करने के लिए किया जाने वाला कार्य बता रहे थे। फिलहाल हंगामे की सूचना पर सचेंडी थाना प्रभारी योगेश कुमार पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने तथा शांत रहने का भरकस प्रयास करने लगी। काफी प्रयासों के उपरान्त लोगों को समझाया जा सका।

# इलाज कराने आये कैदी ने पुलिस कस्टडी से भागने का किया प्रयास



कानपुर। कानपुर के लाला लाजपतराय अस्पताल में उस समय अफरा-तफरी फैल गयी, जब पुलिस कस्टिडी में इलाज कराने आये एक कैदी ने पुलिस को चकता देकर भागने का प्रयास किया। लोगों की मदद से कैदी को पकडा जा सका।

जानकारी के अनुसार बुधवार को कानपुर के लाला लाजपतराय अस्पताल में पुलिस की कस्टिडी में एक कैदी को इलाज के लिए लाया गया। बताया जात है कि उसकी तबियत कुछ खराब थी, इस लिए उसे अस्पताल लाया गया है। इसी दौरान पुलिस को चकमा देकर कैदी ने भागने की कोशिश की जिससे वहां मौजूद पुलिस कर्मियों को हांथ-पांव फूल गये। कैदी को भागता देख पुलिस कर्मियों ने शोर मचाना शुरू कर दिया, जिसके बाद अस्पताल परिसर में मौजूद आम जनता ने बडी मशक्कत के बाद भाग रहे कैदी को पकडा, जिसके बाद पुलिस कर्मियों ने राहत की सांस ली। पूरे घटनाक्रम के बाद पुलिस कर्मियों ने आम जनमानस के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया।

# पूर्व भारतीय बल्लेबाज युवराज सिंह के घर चोरी, चोरों ने नगदी और ज्वेलरी पर हाथ किया साफ




पूर्व भारतीय क्रिकेटर के घर पर होने वाली चोरी हाई-प्रोफाइल व्यक्तियों की सुरक्षा के बारे में चिंता पैदा करती है।भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाज युवराज सिंह के घर पर चोरी की वारदात हुई है। इसमें चोरों ने नगदी और ज्वेलरी पर लंबा हाथ मारा है।

पूर्व बल्लेबाज युवराज सिंह के घर पर चोरी की वारदात हुई है। इसमें चोरों ने नगदी और ज्वेलरी पर लंबा हाथ मारा है। युवराज के पंचकूला वाले से चोरी की वारदात सामने आई है। पूर्व भारतीय क्रिकेटर के घर पर होने वाली चोरी हाई-प्रोफाइल व्यक्तियों की सुरक्षा के बारे में चिंता पैदा करती है।भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाज युवराज सिंह के घर पर चोरी की वारदात हुई है। इसमें चोरों ने नगदी और ज्वेलरी पर लंबा हाथ मारा है। युवराज के पंचकूला वाले से चोरी की वारदात सामने आई है। पूर्व भारतीय क्रिकेटर के घर पर होने वाली चोरी हाई-प्रोफाइल व्यक्तियों की सुरक्षा के बारे में चिंता पैदा करती है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक युवराज की मां ने बताया कि सितंबर, 2023 से वो गुड़गांव वाले घर पर थीं। फिर 5 अक्टूबर 2023 को एमडीसी घर लौटने पर उन्हें पहली बार पता चला की उनकी आलमारी से कैश और गहने गायब हैं। पूर्व बल्लेबाज की मां शबनम सिंह के मुताबिक, करीब 75 हजार कैश और ज्वेलरी के कई आइटम बंद अल्मारी से चोरी हुए हैं। चोरी का शक घर में काम करने वाले दो पुराने सदस्यों पर हैं, जिन्होंने दिवाली के समय अचानक काम छोड़ दिया था। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है।मनसा देवी ने जांच करने और मीडिया से बात करने को लेकर कहा कि, अगर हम मीडिया को सारी चीजें बता देंगे तो फिर हम चोरों को कैसे पकड़ेंगे।

# रोहित शर्मा ने अपने शतक से किया इंग्लिश गेंदबाजों को शांत




भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने इंग्लैंड के खिलाफ 157 गेंदों में अपना शतक जड़ा है। रोहित शर्मा ने अपनी पारी में 11 चौके और दो छक्के भी लगाए हैं। दरअसल, भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। लेकिन पहले ही सेशन के शुरुआत में ही भारत ने अपने तीन विकेट गंवा दिए।

राजकोट में भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरा टेस्ट मैच खेला जा रहा है। जहां भारतीय कप्तान रोहित शर्मा बेहतरीन फॉर्म में नजर आ रहे हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 157 गेंदों में अपना शतक जड़ा है। रोहित शर्मा ने अपनी पारी में 11 चौके और दो छक्के भी लगाए हैं। दरअसल, भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। लेकिन पहले ही सेशन के शुरुआत में ही भारत ने अपने तीन विकेट गंवा दिए।

इसके बाद रोहित शर्मा और रविंद्र जडेजा ने चौथे विकेट के लिए 152 रन की अटूट साझेदारी करके भारतीय पारी को संवारने का काम किया है। पिछले दो मैच में उज़्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं क पाने वाले रोहित का भाग्य ने भी साथ दिया। जेज़्स एंडरसन की गेंद पर उन्हें एलबीडज़्ल्यू करार दिया गया लेकिन छत्र ने उन्हें जीवनदान दिया। इसके कुछ ओवर बाद जो रूट ने हार्टली की गेदं पर स्लिप में उनका कैच छोड़ा। रोहित उस समय 27 रन पर खेल रहे थे। रोहित शर्मा का इस साल का ये दूसरा शतक है। इससे पहले अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज में उन्होंने शतक लगाया था। टेस्ट में रोहित का ये 11वां शतक है। रोहित ने 56 मैच में 3827 से रन बनाए हैं। वहीं कप्तान रोहित ने इस पारी में अपने नाम कई रिकॉर्ड्स अपने नाम किए हैं। वह भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले चौथे बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली को भी पछाड़ दिया है।

# श्रीदेवी का वो हीरो, जिसकी फिल्म पर लगा था बड़ा दांव



बॉलीवुड का वो सुपरस्टार जिसकी जोड़ी श्रीदेवी और माधुरी दीक्षित संग काफी हिट रही. इन दोनों एज़्ट्रेस के साथ जिस स्टार ने कई फिल्मों में काम किया. इसी एज़्टर को अपनी पहली फिल्म पाने के लिए खूब पापड़ बेलने पड़े थे. साल 1987 में एक फिल्म में तो इस एज़्टर के पूरे खानदान का पैसा लगा था. अगर ये डूब जाती तो उन्हें करोड़ों का नुकसान झेलना पड़ता.हिंदी सिनेमा का वो टैलेंटेड एज़्टर जो आज 67 साल की उम्र में भी न्यू कमर्स को मात देता है. एज़्टिंग दुनिया में जिसने कदम रखने के लिए काफी संघर्ष किया. अपनी ही फिल्म की एज़्ट्रेस के घर लंच बॉज़्स तक लेकर जाना पड़ा था, तब जाकर पहली लीड रोल वाली फिल्म मिली थी. एक फिल्म में तो एज़्टर के पूरे खानदान का पैसा लगा था. जानें कौन हैं वो एज़्टर.

40 साल पहले फिल्मी दुनिया में कदम रखने वाले टैलेंट स्टार कोई और नहीं अनिल कपूर हैं. अपने अब तक के कई किरदारों से उन्होंने खूब वाहवाह लूटी. भाई भी इंडस्ट्री के जाने माने निर्माता हैं. लेकिन अपने करियर में एक फिल्म अनिल कपूर ने ऐसी की थी जिस पर उनके साथ-साथ उनके सभी घरवालों के भी पैसे लगे थे. अगर वो ज़्लॉप हो जाती तो उन्हें करोड़ों का चूना लग सकता था.

दरअसल अनिल कपूर की वो जबरदस्त फिल्म साल 1987 में आई मिस्टर इंडिया% थी. उनकी इस फिल्म में बोनी कपूर, अनिल कपूर और पूरे परिवार का पैसा लगा हुआ था. ऐसे में अगर ये ज़्लॉप हो गई तो सबकुछ खत्म हो जाएगा. हालांकि, पिक्चर तो बॉज़्स ऑफिस पर छा गई थी. फिल्म ने कमाई के कई रिकॉर्ड तोड़ दिए थे.

साल 1987 में जब ये फिल्म रिलीज हुई तो श्रीदेवी को भी मुंह मागी कीमत से ज्यादा पैसा दिया था. फिर फिल्म की कहानी भी काफी अलग थी जिसमें हीरो नजर ही नहीं आता. इसी के चलते अमिताभ बच्चन ने भी इस फिल्म को रिजेज़्ट कर दिया था कि हीरो को देखे बिना दर्शक फिल्म को कैसे पसंद करेंगे.

जब इस फिल्म की शूटिंग चल रही थी उस दौरान अनिल कपूर बोनी कपूर सभी इस फिल्म को लेकर काफी डरे हुए थे. सभी को फिल्म की सफलता पर बाकी लोगों की तरह शक था ज़्योंकि कई लोगों ने इस फिल्म को सिर्फ ये कहकर ही रिजेज़्ट किया था कि फिल्म की कहानी काफी अलग थी. कोई एज़्सपेरिमेंट पर यकीन करने को तैयार नहीं था.साल 1987 में आई %मिस्टर इंडिया% ने बॉज़्स ऑफिस पर कमाई के मामले में सफलता के झंडे गाड़ दिए थे. ये फिल्म उस साल की भारी भरकम बजट में बनी एक सफल फिल्म साबित हुई थी. फिल्म में अनिल कपूर और श्रीदेवी लीड रोल में नजर आए थे. दोनों की केमिस्ट्री को भी लोगों ने काफी पसंद किया था. फिल्म की अनोखी कहानी पर लोगों ने खूब प्यार लुटाया था.बता दें कि ये फिल्म उस साल में ज़्लॉकबस्टर साबित हुई और बजट से 3 गुना कमाई करने वाली इस फिल्म ने इतिहास रच दिया. इस फिल्म से अनिल कपूर के करियर को नई दिशा मिली थी. फिल्म में मोगैंबो के किरदार में नजर आए अमरीश पुरी के लिए तो ये फिल्म संजीवनी बूटी साबित हुई थी. आज उनके इस दुनिया में ना होने के बाद भी उनका ये किरदार लोग भूल नहीं पाए हैं.

## जिन जरूरतमंदों को पक्का मकान नहीं मिला, उन्हें आवास सुविधा उपलज़्ध करायी जायेगी : सीएम


लखनऊ। उज़्र प्रदेश के मुज़्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को कहा कि जिन जरूरतमंदों को अभी तक पक्का मकान नहीं मिल पाया है, उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना या मुज़्यमंत्री आवास योजना के दायरे में लाकर पक्के आवास की सुविधा उपलज़्ध कराई जाएगी।बृहस्पतिवार को गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते हुए मुज़्यमंत्री ने अधिकारियों को इस बाबत निर्देश जारी किया। एक बयान के अनुसार, जनता दर्शन में मुज़्यमंत्री योगी ने जनता को आश्वस्त किया कि हर समस्या का समयबद्ध, पारदर्शी व संतुष्टिपरक निस्तारण किया जाएगा।जनता दर्शन में मुज़्यमंत्री ने करीब 500 लोगों की समस्याएं सुनीं। बयान के मुताबिक, मुज़्यमंत्री ने जनता दर्शन के दौरान अधिकारियों को स्पष्ट हिदायत दी कि किसी की जमीन पर अवैध कज़्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बज़्शे न जाएं। योगी ने ऐसा करने वालों के खिलाफ सज़्त से सज़्त कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया।बयान में बताया गया कि मुज़्यमंत्री योगी ने राजस्व व पुलिस से संबंधित मामलों में प्रभावी कार्रवाई, जमीन पर अवैध कज़्जा करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई और दबंग, माफिया, अपराधियों द्वारा जमीन पर कज़्जा करने जैसी घटनाओं पर रोक सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।बयान के मुताबिक, मुज़्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी जन कल्याण के कार्यों को सदैव प्राथमिकता पर रखें और हर पीड़ित की समस्या का त्वरित निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

## अयोध्या की तरह मथुरा और काशी को भी 'मुक्त' करने का आह्वान किया गया



विश्व हिंदू परिषद (विहिप) द्वारा रविवार को यहां आयोजित संतों की एक सभा में अयोध्या की तरह मथुरा और काशी को 'मुक्त' करने का आह्वान किया गया। यहां माघ मेले में एक सभा को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय संत समिति के महासचिव स्वामी जीतेंद्रानंद सरस्वती ने कहा, ''हमने तीन मंदिरों के बारे में बात की है। अगर मुस्लिम समुदाय काशी और मथुरा पर अपना दावा नहीं छोड़ता है, तो हम ध्वस्त किए गए सभी मंदिरों पर अपना दावा करेंगेज।''उन्होंने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद मुस्लिम समुदाय को काशी और मथुरा पर अपना दावा छोड़ देना चाहिए। प्रत्यक्ष तौर पर उनका इशारा वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर–ज्ञानवापी मस्जिद विवाद और मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि–शाही ईदगाह मुद्दे की ओर था।जीतेंद्रानंद सरस्वती ने कहा, ''यहां लिया गया संकल्प कभी अधूरा नहीं रहता और आज हम सभी ने संकल्प लिया है कि अयोध्या की तरह हम मथुरा और काशी को भी मुक्त कराएंगे।'' विहिप नेता दिनेश ने कहा कि संगठन संतों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर काम करेगा और उनके मार्गदर्शन में भविष्य के कार्यक्रमों की योजना बनाएगा।

# पेपर लीक मामले में एक्शन में योगी सरकार



UPPSC RO-ARO परीक्षा पेपर लीक मामले में सीएम योगी के निर्देश पर आयोग ने STF से जांच कराने का फैसला किया है. पूरे प्रदेश में 11 फरवरी को RO-ARO की प्रीलिम्स परीक्षा कराई गई थी.



लखनऊ। उज़्र प्रदेश लोक सेवा आयोग (UPPSC) RO-ARO परीक्षा पेपर लीक मामले में योगी आदित्यनाथ सरकार एज़्शन में आ गई है। सरकार के निर्देश पर आयोग ने इस मामले की जांच स्न्जस्न से कराने का फैसला किया है. PPSC की तरफ से STF से जांच के लिए शासन को सिफारिश भेजी गई है. पूरे प्रदेश में 11 फरवरी को RO-ARO की प्रीलिज़्स परीक्षा कराई गई थी. इस दौरान पेपर लीक होने और प्रश्न पत्र की सील टूटे होने जैसे आरोप लगे थे.इस भर्ती परीक्षा में 10,69, 725 उज़्मीदवारों ने आवेदन किया था. यह परीक्षा राज्य के 58 जिलों के 2387 केंद्रों पर आयोजित कराई गई थी. इस दौरान गाजीपुर के एक परीक्षा केंद्र पर अज़्यर्थियों ने पेपर आउट का आरोप लगाते हुए खूब हंगामा किया था. अज़्यर्थियों ने सुबह वाली पाली में एग्जाम से पहले पेपर की सील टूटे होने का आरोप लगाया था. जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ था.वहीं, प्रतापगढ़ जिले के राम अंजोर मिश्र इंटर कॉलेज में एक अज़्यर्थी के नकल करते रंगे हाथों पकड़े जाने की बात सामने आई थी. प्रवीण कुमार पटेल नाम के अज़्यर्थी के पास से एक ज़्लूटूथ डिवाइस बरामद किया गया था.

### पेपर लीक से गरमाई सियासत

पेपर लीक मामले से राजिनित गर्म है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने उज़्र प्रदेश में समीक्षा अधिकारी परीक्षा का पेपर लीक होने पर योगी सरकार को आड़े हाथ लेते हुए सवाल किया कि कानून बनने के बावजूद पेपर लीक की बीमारी से प्रदेश के युवाओं को कब राहत मिलेगी। प्रियंका वाड्रा ने कहा कि कई वर्षों के इंतजार के बाद संसद में पेपर लीक के खिलाफ कानून पास हुआ और उधर यूपी में समीक्षा अधिकारी की परीक्षा का पर्चा लीक हो गया। वर्ष 2017 में दारोगा भर्ती से लेकर 2024 में समीक्षा अधिकारी तक - खबरों के अनुसार यूपी में लगभग हर प्रतियोगी परीक्षा का पर्चा लीक हुआ है।

**क्या यूपी में नए कानून के तहत निष्पक्ष कार्रवाई होगी या ये सिर्फ दिखवा साबित होगा**

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, उन्होंने कहा कि सरकार इसे रोकने के लिए ज़्या करने जा रही है। ज़्या यूपी में नए कानून के तहत निष्पक्ष कार्रवाई होगी या ये सिर्फ दिखावा साबित होगा। देश का युवा जिस विडंबना का शिकार है उसकी 'क्रोनोलॉजी% समझिए - वर्षों तक भर्ती नहीं निकलती, निकली तो समय पर परीक्षा नहीं, परीक्षा हुई तो पेपर लीक, इसके बाद भी यदि सारी प्रक्रिया पूरी भी हो जाए तो नियुक्तियों में घोटाला हो जाता है और मामला कोर्ट में अटक जाता है।

## पत्थरबाजी के वीडियो रिलीज, उपद्रवियों की पहचान बताने वाले को पुलिस देगी इनाम




किसान आंदोलन के बीच, हरियाणा पुलिस ने शंभू बॉर्डर पर उपद्रव करने वाले लोगों के वीडियो जारी किए हैं, जिसमें कुछ लोग, पुलिस पर पथराव करते दिखाई दे रहे हैं. पुलिस ने लोगों से पथराव करने वालों की पहचान करने में मदद की अपील की है. बता दें कि हरियाणा पुलिस की तरफ से अंबाला के शंभू बॉर्डर पर हुई पत्थरबाजी के वीडियो रिलीज किए गए हैं. पुलिस के मुताबिक, ये वीडियो 13 और 14 फरवरी के हैं. पुलिस जब दिल्ली कूच पर अड़े किसानों को बॉर्डर पार करने से रोकने के लिए आंसू गैस के गोले दाग रही थी तब कुछ प्रदर्शनकारी पुलिस वालों पर पत्थर बरसा रहे थे.

**पत्थरबाजी में 26 पुलिस वाले हुए जख्मी**

जान लें कि पुलिस की तरफ से रिलीज किए गए वीडियो में साफ नजर आ रहा है कुछ लोग पत्थर के टुकड़े कर रहे थे. जबकि वहां मौजूद बाकी लोग पुलिसवालों पर पत्थर फेंक रहे थे. बताया गया कि पत्थरबाजी के दौरान कुल 25 जवान और एक अधिकारी घायल हो गए थे.

वीडियो से होगी आरोपियों की पहचान

बता दें कि पुलिस ने ये वीडियो जारी करके लोगों से इनकी पहचान करने की अपील की है.

साथ ही आरोपियों की पहचान बताने वालों के नाम उजागर नहीं होने देने और उन्हें उचित इनाम देने की भी बात कही है. एक तरफ जहां किसान नेताओं और केंद्रीय मंत्रियों के बीच बातचीत का सिलसिला जारी है. वहीं, दूसरी तरफ विपक्ष इस मुद्दे पर लगातार केंद्र सरकार पर हमलावर है.

**पत्थरबाजी में गुलेल का इस्तेमाल**

अंबाला पुलिस की एएसपी पूजा डाबवला ने ज़ी न्यूज़ के जरिए आम जनता से अपील की है कि जो भी इनकी पहचान की सूचना देगा, उसका नाम गुप्त रखा जाएगी और उसे उचित इनाम भी दिया जाएगा. आप देख सकते हैं कि इन वीडियो में गुलेल का इस्तेमाल करके पुलिस पर पत्थर फेंके जा रहे हैं. इन उपद्रवियों के खिलाफ हरियाणा पुलिस कड़ी कार्रवाई करने जा रही है.

**अंबाला में शंभू बॉर्डर सील**

गौरतलब है कि आंदोलनकारियों के विरोध प्रदर्शन को देखते हुए अंबाला में शंभू बॉर्डर को सील कर दिया गया है. प्रदर्शनकारियों को आगे बढ़ने से रोकने के लिए पुलिस ने बैरिकेड लगा दिए हैं. सीमेंट की दीवार बना दी गई है.

## बायोमैट्रिक वेरिफिकेशन के बाद मिली एंट्री, सीसीटीवी से हुई निगरानी

लखनऊ। योगी सरकार ने प्रदेश की अब तक की सबसे बड़ी यूपी पुलिस भर्ती की परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए फूलप्रूफ प्लान बनाया है। इसके तहत योगी सरकार ने आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती की शनिवार और रविवार को दो पालियों में होने वाली परीक्षा को लेकर कड़े सुरक्षा प्रबंध किये हैं। हर परीक्षा केंद्र पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है जबकि केंद्र में अभ्यर्थियों की संख्या के अनुरूप केंद्र पर्यवेक्षक के रूप में पुलिस उपाधीक्षक से लेकर सब इंस्पेक्टर मौजूद रहेंगे। वहीं सीसीटीवी कैमरों से गहन निगरानी की जाएगी। साथ ही सभी अभ्यर्थियों के बायोमैट्रिक वेरिफिकेशन के बाद भी उन्हे परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया जाएगा। मालूम हो कि योगी सरकार पुलिस बल को और मजबूती देने के लिए 60,244 पुलिस आरक्षी पदों पर भर्ती कर रही है, जिसकी परीक्षाएं 17 और 18 फरवरी को प्रदेश के सभी 75 जनपदों के 2385 सेंटर पर आयोजित की जा रही है।

**प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों की रहेगी तैनाती**

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड (यूपीपीआरपीबी) की अध्यक्ष डीजी रेणुका मिश्रा ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप परीक्षा के लिए विभिन्न प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों–कर्मचारियों की तैनाती की गई है। वहीं जनपद स्तर पर जिलाधिकारी जनपदीय पर्यवेक्षक (मजिस्ट्रेट) के रूप में कार्य करेंगे। उनके द्वारा परीक्षा केन्द्र ड्यूटी, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती समेत अन्य प्रशासनिक व्यवस्थाएं की गयी हैं। इसके तहत जिलाधिकारी द्वारा हर सेंटर पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट के साथ सहायक केंद्र पर्यवेक्षक की तैनाती की गई है। इसके अलावा अपर जिलाधिकारी को सहायक नोडल अधिकारी (प्रशासन) के रूप में नियुक्त किया गया है जबकि 3 परीक्षा केंद्रों पर एक सेक्टर मजिस्ट्रेट की भी तैनाती हुई है। इतना ही नहीं नकलविहीन परीक्षा संपन्न कराने के लिए उड़ान दस्ते भी मुस्तैद रहेंगे। वहीं केंद्र पर्यवेक्षक के रूप में पुलिस उपाधीक्षक से लेकर सब इंस्पेक्टर मौजूद रहेंगे। प्रदेश के जिन सेंटर पर एक हजार से अधिक अभ्यर्थी होंगे, वहां पुलिस उपाधीक्षक तैनात रहेंगे। वहीं एक हजार तक अभ्यर्थी वाले सेंटर पर इंस्पेक्टर और पांच सौ तक अभ्यर्थी वाले सेंटर पर सब इंस्पेक्टर को नियुक्त किया गया है। परीक्षा की शुचिता सुनिश्चित करने के लिए परीक्षा केन्द्र पर नियुक्त कर्मियों में से 50 प्रतिशत जिलाधिकारी और शेष 50 प्रतिशत केन्द्र व्यवस्थापक (प्रधानाचार्य) द्वारा नियुक्त किये गये हैं। इनमें परीक्षा सहायक प्रथम एवं द्वितीय जिलाधिकारी और केन्द्र व्यवस्थापक द्वारा नियुक्त किये जाएंगे जबकि 12 अभ्यर्थियों पर एक अंतरीक्षक को तैनात किया जाएगा। इसके साथ सहयोगी अंतरीक्षक भी तैनात रहेंगे।

**मोबाइल, ब्लूटूथ को निष्क्रिय करने के लिये लगेंगे जैमर**

परीक्षा को पारदर्शी बनाने के लिए सही अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया जाए, इसके लिए तकनीक का प्रयोग किया जाएगा। इसके लिए परीक्षा केन्द्र पर अभ्यर्थियों की चैकिंग, फ्रिस्किंग एवं पर्यवेक्षण की उचित व्यवस्था की गई है। केंद्र पर अभ्यर्थियों को प्रवेश फिजिकल फ्रिस्किंग, एचएचएमडी द्वारा फ्रिस्किंग, बायोमैट्रिक फिंगर प्रिन्ट एवं फेशियल रिकॉग्निशन के बाद ही दिया जायेगा। वहीं फेशियल रिकॉग्निशन न होने पर एफआरआईएस कैप्चर करने की भी व्यवस्था की गई है। फेशियल रिकॉग्निशन में संशय होने पर अभ्यर्थी का आधार ऑथेंटिकेशन कराया जाएगा। इसके अलावा सभी केन्द्रों पर इलेक्ट्रानिक डिवाइसेज जैसे मोबाइल, ब्लूटूथ को निष्क्रिय करने के लिये जैमर लगाए जाएंगे। परीक्षा कक्ष एवं केन्द्र में सीसीटीवी लगाकर निगरानी की जा रही है, जिसका लाइव फीड केन्द्र के कन्ट्रोल रूम, जनपद के कन्ट्रोल रूम एवं भर्ती बोर्ड मुख्यालय के कन्ट्रोल रूम में प्राप्त होगी।

**अन्य राज्यों के 6 लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने किया था आवेदन**

बता दें कि परीक्षा में कुल 48, 17,441 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था, जिसमें 15,48,969 महिला अभ्यर्थी शामिल हैं। केंद्रों पर शनिवार 17 फरवरी को प्रथम और द्वितीय दोनों पालियों में 12,04, 360 अभ्यर्थियों की परीक्षा देंगे जबकि रविवार 18 फरवरी की प्रथम पाली में 12,04,361 व द्वितीय पाली में 12,04,360 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। इस परीक्षा में उत्तर प्रदेश के अतिरिक्त अन्य राज्यों से 6 लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है।

## मृत महिला अंतिम संस्कार से कुछ मिनट पहले हो गई जिंदा

घर में आग के हादसे में मृत मान ली गई एक महिला श्मशान घाट पर चिता जलाए जाने से कुछ देर पहले जीवित हो गई। परिवार ने मंगलवार को बताया कि यह घटना दक्षिणी जिले गंजाम के बेहरामपुर शहर में हुई।

गुड्स शेड रोड की निवासी महिला (52) के परिजनों ने बताया कि सोमवार शाम को श्मशान घाट से लौटने के कुछ घंटों बाद उसे (महिला को) एमकेसीजी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में भर्ती कराया।

परिजनों के अनुसार एक फरवरी को घर में हुई आग की एक घटना में 50 फीसदी झुलसने के बाद महिला को इसी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। महिला गरीब परिवार से है।



पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि हालांकि, जब अस्पताल के अधिकारियों ने उसे दूसरी चिकित्सा सुविधा के लिए रेफर किया तो पैसे की कमी के कारण उसका पति उसे घर ले गया। तब से वह अपने जीवन के लिए संघर्ष कर रही थी।

महिला के पति सिबाराम पालो ने कहा, सोमवार को, उसने अपनी आंखें नहीं खोल रही थी और ऐसा लग रहा था कि वह सांस नहीं ले रही थी। हमने सोचा कि वह मर गयी और फिर हमने इलाके के अन्य लोगों को सूचित किया।

बिना किसी चिकित्सक से परामर्श किए या मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने की कोशिश किए वह शव को बेहरामपुर नगर निगम के शव वाहन में पास के बीजीपुर श्मशान घाट ले गया। परिवार के सदस्यों के साथ श्मसान घाट जाने वाले पालो के पड़ोसी के. चिरंजीबी ने कहा, चिता लगभग तैयार हो चुकी थी कि उसने अचानक अपनी आंखें खोलीं। पहले तो हम चौंक गए लेकिन जब हमने उससे बात की तो उसने जवाब दिया। यह एक चमत्कार है। इसके बाद उसे फिर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# कानून एवं यातायात व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पुलिस कार्यालय में गोष्ठी आहुत की गयी



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। पुलिस आयुक्त अखिल कुमार द्वारा कानून व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था को और सुदृढ करने के उद्देश्य से पुलिस कार्यालय में गोष्ठी आहूत की गयी ।गोष्ठी में सम्मिलित अपर पुलिस आयुक्त, कानून एवं व्यवस्था हरीश चन्दर, अपर पुलिस आयुक्त अपराध एवं मुख्यालय विपिन कुमार मिश्रा, सभी जोनों के पुलिस उपायुक्त व अपर पुलिस उपायुक्त यातायात एवं कमिश्नरेट कानपुर नगर क्षेत्र के निर्वाचित मा0 सांसद सत्यदेव पचौरी, विधायक महेश त्रिवेदी, विधायक सुरेन्द्र मैथानी, विधायक अमिताभ बाजपेई व विधायक हसन रुमी के साथ कानून व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था को और अधिक सुदृढ करने हेतु सार्थक विचार विमर्श किया गया एवं प्राप्त सुझावों पर शीघ्र कार्य योजना बनाकर क्रियान्वयन हेतु सर्व सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

# दुकानदारों से वार्ता कर पुलिस आयुक्त ने सुरक्षा के दृष्टिगत सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिये बताया

कानपुर। पुलिस आयुक्त अखिल कुमार, डीसीपी पूर्वी, डीसीपी सेन्ट्रल, अपर पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल व एसीपी अनवरगंज मय पुलिस बल द्वारा सद्भावना चौकी, यतीम खाना व दादामियां चौराहा पर पैदल गश्त कर भ्रमण किया गया। स्थानीय लोगों, राहगीरों एवं विभिन्न दुकानदारों से वार्ता कर ऑपरेशन त्रिनेत्र के बारे में जानकारी दी गयी और सुरक्षा के दृष्टिगत उन्हे सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिये बताया गया।



# किसान के खेत में दिखा विशालकाय अजगर

## पहले भी इस क्षेत्र में देखे गये बडे अजगर, वन विभाग को दी गयी सूचना



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर । कानपुर के एक गांव में एक बार फिर विशालकाय अजगर देखने को मिला, जिसके बाद अजगर को देखने के लिए भीड लग गयी। वहीं ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। अजगर निकलने का वीडियों सोशल मीडिया में भी वायरल कर दिया गया ।जानकारी के अनुसार थाना नर्वल क्षेत्र के अखरी गांव में एक किसान रामकुमार यादव के खेत में एक विशालकाय अजगर देखने को मिला। अजगर निकलने की सूचना पर बडी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गये और मोबाइल से वीडियों बनाने लगे। किसी के द्वारा सोशल मीडिया में वीडियों में वायरल कर दिया गया। फिलहाल ग्रामीणों ने वन विभाग को अजगर निकलने की सूचना दी गयी। बताया जाता है कि अजगर की लम्बाई लगभग 15 फिट की थी और यह पहली बार नही है, इससे पहले भी इस क्षेत्र में अजगर निकलने की घटनाये हो चुकी है।। कुछ दिन पहले ही रूमा में दो विशालकाय अजगर दिखाई दिए थे।

# वाहन स्टैंड बनने से सुधरेगी शहर की यातायात व्यवस्था

## शहर के 20 स्थानों पर 28 वाहन स्टैंड किए जा चुके चिन्हित जल्द ही शुरू होगा काम

कानपुर । कानपुर की ध्वस्त हो चुकी यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए यातायात विभाग और प्रशासन के आला अधिकारियों द्वारा लगातार कोशिश की जाती रही है लेकिन अभी तक पूर्ण सफलता नही मिली। सडकों पर फैला अतिक्रमण, बेतरतीब सडकों के किनारे लगने वाले ठेले आदि के साथ ही शहर में चलने वाले ईरिक्शा, ऑटो तथा अन्य दुपहिया तथा चार पहिया वाहनों की अधिकता के कारण भी शहर जाम से जूझता नजर आता है। मुख्य बात तो यह कि शहर में वाहन स्टेंड न होने के कारण कहीं भी रोड किनारे वाहनों को खडा कर दिया जाता है। कई प्रतिष्ठत स्थानों पर दुकानों में जाने वाले, बडी बाजरो में जाने वाले आदि जगहो पर रोड पर ही गाडी खडी की जाती है, जो जाम का बडा कारण बनती है। अब जल्द ही इस समस्या से शहर वासियों को निजाद मिलने वाली है, क्यों कि शहर के 20 स्थानों पर वाहन स्टैंड के लिए 28 स्थानों को चिन्हित किया जा चुका है और जल्द ही इस पर कार्य शुरू कर दिया जायेगा।



शहर में वाहन स्टैंड के न होने के कारण लोग सडक के किनारे अपने वाहन को खडा करते है जिससे सुगम यातायात में असुविधा उत्पन्न होती है। इससे पहले बीते वर्ष प्रदेश सरकार द्वारा वाहन स्टेंडों के लिए पार्किंग स्थनों का ठेका समाप्त कर दिया गया था, जिसके बाद और भी समस्या बढ गयी। सडकों पर जगह-जगह बेतरतीब ढंग से लोग अपने अपने वाहनों को खडा करने लगे। लेकिन जल्द ही शहर वासियों को इस समस्या से छुटकारा मिल जायेगा, इसके लिए यातायात संचालन समिति द्वारा किए गए सर्वे के बाद 20 स्थानों पर 28 वाहन स्टैंड बनाये जायेगा और कुछ समय पहले मण्डलायुक्त व पुलिस आयुक्त ने इस प्रस्ताव को तेजी से अमल में लाये जाने के निर्देश भी जारी किए थे। बताया जाता है कि रामदेवी से टाटमिल जाने के रास्ते पर थाने के पीछे खाली जमीन तथा रामादेवी से नौबस्ता वाली रोड पर प्रयागराज फ्लाइओवर के नीचे तथा एचएल गेट के पास तो वहीं रामादेवी से लखनऊ मांग पर पडने वाले जगदम्बा पेट्रोल पंप के सामने स्टैंड बनाया जायेगा। इसी प्रकार घंटाघर सीपीसी माल गोदाम, रेलवे स्टेशन के गेट नम्बर 2पर, सीटीएस ग्राउंड बिठूर रोड, गूबा गार्डन के पास, नरेन्द्रमोहन सेतु के नीचे, रावतपुर रोडवेज बस कार्यशाला के पास पीडब्ल्यूडी जमीन पर, राणी सती मंदिर रावतपुर, रतनदीप अस्पताल के सामने, स्वाती हास्पिटल के सामने, फजलगंज और विजय नगर चैराहे के पास भी वाहन स्टैंड बनाये जायेगा। इसी प्रकार अन्य स्थानों पर भी वाहन स्टैंड होगे, जहां वाहनो को खडा किया जा सकेगा।

# नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए प्रशासन द्वारा किए गए पुख्ता इंतजाम

## परीक्षा के दूसरे दिन भी अभ्यर्थियों का उमड़ा सैलाब शनिवार को बस अड्डा, रेलवे स्टेशन पर मची आपा-धापी, आने, जाने वाले अभ्यर्थियों से बढ़ी भीड़, परीक्षा केंद्रो पर अभ्यार्थियों का एडमिट कार्ड व आईडी चेक कर दिया गया प्रवेश

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर ।उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा के दूसरे दिन रविवार को शहर में बडी संख्या में अभ्यार्थी परीक्षा देने पहुंचे। 17 फरवरी शनिवार को दो पालियों में पनीक्षा समाप्त होने के बाद शहर आये अभ्यार्थी अपने यथा स्थान पहुंचने के लिए बस अडडा तथा रेलवे स्टेशन पहुंचे जहां रविवार को होने वाली परीक्षा के लिए आने जाने वाले अभ्यार्थियों की भीड भी थी, ऐसे में सेंट्रल पर भारी भीड दिखायी दी ।यूपी पुलिस परीक्षा में कानपुर आने वाले अभ्यार्थी बडी संख्या में रविार को कानपुर पहुंचे। शनिवार को शहर से बाहर जाने तथा आने वाले अभ्यार्थी तथा परीक्षा देकर अपने गंतव्य तक पहुंचने वाले अभ्यार्थियों के एक साथ होने पर यह संख्या विशाल दिखाई दे रही थी। ऐसे में अन्य यात्रियों को



काफी परेशानी का सामना करना पडा। परीक्षा देने बाहर से शहर आये अभ्याथियों ने अपनी रात स्टेशन के प्लेट फार्म पर ही गुजारी ।सडकों पर अभ्यार्थियों को घंटो सवारी साधन की प्रतीक्षा करनी पडी। वहीं रविवार को भी दो पालियों में परीक्षा सम्पन्न कराई गयी। रविवार को परीक्षा केंद्रो पर पुलिस प्रशासन द्वारा विशेष सख्ती अपनाई गयी। परीक्षा के दूसरे दिन सिक्योरिटी का कडा पहरा रहा। परीक्षा देने आए परीक्षार्थियों को कडी चेकिंग के बाद प्रवेश दिया गया। रविवार की सुबह से ही परीक्षा केंद्रो पर अभ्यार्थियों की लंबी लाइन दिखी। वहीं प्रशासन द्वारा नकल विहीन परीक्षा कराये जाने के लिए पुख्ता प्रबन्ध किए गये। परीक्षा केंद्रो पर अभ्यार्थियों को एडमिट कार्ड और आईडी दिखाने के बाद ही केंद्र में प्रवेश दिया जा रहा था।

# गैंगस्टर अजय ठाकुर के 25 हजार के ईनामी दो साथी गिरफ्तार

## शिवांश ठाकुर व शिवम सोनकर को बर्रा पुलिस ने दामोदर नगर से किया गिरफ्तार, आरोपियों की पैरवी करने वाले कथित भाजपा नेता की तलाश के लिए दबिश दे रही पुलिस



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर ।हत्या के मामले में फरार चल रहे गैंगस्टर अजय ठाकुर के दो 25 हजार के ईनामी साथियों को बर्रा पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनो शातिर अपराधियों को पुलिस ने दामोंदर नगर से गिरफ्तार कर लिया है। वहीं गैंगस्टर अजय ठाकुर फरार चल रहा है। गैंगस्टर सहित उनके साथियों की पैरवी के लिए कथित भाजपा नेता गजेंद्र सिंह राजावत की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है। पुलिस द्वारा हिस्ट्रीशीटर अजय ठाकुमर पर 50 हजार का ईनाम घोषित किया गया है ।शातिर अपराधी व गैंगस्टर अजय ठाकुर तथा उसके साथियों द्वारा बर्रा के जरौली में बीती 28 जनवरी को मार-पीट, पथराव की घटना को अंजाम दिया था जिसमें चार लोग घायल हुए थे साथ ही कई वाहन भी क्षतिग्रस्त हुए थे। बताया जाता है कि इस हमले में अजय ठाकुर के साथी शिवांश ठाकुर,अभय भदौरिया, आकाश द्विवेदी, शिवम सोनकर, सालि तथा गौतम मेगा भी शामिल थे। घटना के बाद सभी आरोपी फरार चल रहे थे और पुलिस लगातार इन शातिरो की तलाश कर रही थी। वहीं पुलिस द्वारा अपराधी अजय ठाकुर पर 50 हजार तथा उसके साथियों पर 25 हजार का ईनाम घोषित किया गया है। इन आरोपियों की पैरवी के लिए एक कथित भाजपा नेता गजेंद्र सिंह राजावत द्वारा पुलिस आयुक्त अखिल कुमार के पीआरओ के साथ फोन पर अभद्रता भी की गयी थी, जिसके बाद भाजपा नेता की तलाश पुलिस द्वारा की जा रही है। पैरवी करने वाले भाजना नेता गजेंद्र सिंह पर मुकदमा दर्ज किया गया था। बर्रा पुलिस द्वारा गैंगस्टर अजय ठाकुर के 25 हजार के ईनामी दो साथियों शिवांश तथा शिवम सोनकर को शनिवार की रात दामोदन नगर से गिरफ्तार कर लिया है।

# बयान दर्ज कराने गयी दुष्कर्म पीड़िता से मजिस्ट्रेट ने किया यौन शोषण

अगरतला। त्रिपुरा में दुष्कर्म पीड़िता ने आरोप लगाया है कि अदालत में एक मजिस्ट्रेट ने अपने कक्ष के अंदर उसका यौन शोषण किया है। एक वरिष्ठ अधिवक्ता ने रविवार को यह जानकारी दी। वरिष्ठ अधिवक्ता के मुताबिक धलाई जिला एवं सत्र न्यायाधीश गौतम सरकार की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय एक समिति ने इन आरोपों की जांच शुरू कर दी है। पीड़ित महिला ने आरोप लगाया कि यौन शोषण की घटना 16 फरवरी को हुई जब वह उसके साथ हुए दुष्कर्म के मामले के संबंध में अपना बयान दर्ज कराने के लिए कमालपुर के प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट के कक्ष में गई थी।

महिला ने अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कमालपुर को दी अपनी शिकायत में कहा, ''मैं 16 फरवरी को अपना बयान दर्ज कराने के लिए प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट के कक्ष में गयी थी। जब मैं अपना बयान देने ही वाली थी, तो न्यायाधीश ने मुझे गलत तरीके से छुआ। मैं उनके चैंबर से बाहर निकली तथा वकीलों और अपने पति को इस घटना की जानकारी दी।'' महिला के पति ने भी इस घटना को लेकर कमालपुर बार एसोसिएशन में एक अलग शिकायत दर्ज कराई। पीड़िता की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए जिला और सत्र न्यायाधीश गौतम सरकार ने मामले की जांच के लिए मुज्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सत्यजीत दास के साथ कमालपुर के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश के कार्यालय का दौरा किया।

अधिवक्ता निकाय के सचिव शिबेंद्र दासगुप्ता ने फोन पर कहा, '' जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय समिति ने अदालत परिसर में कमालपुर बार एसोसिएशन के सदस्यों से भी मुलाकात की और महिला के आरोपों पर हमारा दृष्टिकोण पूछा। हमने समिति के सामने अपनी बातें रखीं।'' त्रिपुरा उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल वी. पांडे ने न्यायाधीश के खिलाफ लगाए गए आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, ''हमें अभी तक इस मामले में कोई आधिकारिक शिकायत नहीं मिली है। राज्य के अन्य लोगों की तरह मुझे भी इसके बारे में मीडिया और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से पता चला। एक बार जब हमें उचित प्रारूप में शिकायत मिल जाएगी, तो हम निश्चित रूप से उचित कार्रवाई करेंगे।

# सिपाही भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी करने वाले 122 लोग गिरफ्तार



उत्तर प्रदेश में पुलिस विभाग की सिपाही भर्ती परीक्षा में अनुचित साधनों का उपयोग करके सेंध लगाने की योजना बनाने के आरोप में पुलिस ने विभिन्न जिलों से 122 लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) प्रशांत कुमार ने एक बयान में बताया कि अभी तक प्राप्त सूचना के अनुसार, एटा से 15, मऊ, सिद्धार्थनगर व प्रयागराज से नौ-नौ, गाजीपुर से आठ तथा आजमगढ़ से सात लोगों सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से अब तक 122 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

बाद में अपर पुलिस महानिदेशक (कानून व्यवस्था) अमिताभ यश ने बताया कि गिरफ्तार लोगों में से कुछ के पास नकल की गलत पर्चियां मिली, कुछ लोग अभ्यर्थियों के स्थान पर परीक्षा दे रहे थे,जबकि कुछ लोगों ने अभ्यर्थियों से पैसा लिया था।

यश के मुताबिक, यह गिरफ्तारियां 15 से 17 फरवरी की रात के बीच की गयी हैं। डीजीपी कुमार ने खुद भी गोमती नगर के महामना मालवीय विद्या मंदिर इंटर कॉलेज और जेएमडी पब्लिक हायर सेकेंडरी कॉलेज के परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर जायजा लिया।

उन्होंने कहा कि 17 और 18 फरवरी को दो पालियों में होने वाली परीक्षा में लगभग 48 लाख से अधिक अभ्यर्थी सम्मिलित हो रहे हैं। कुमार के मुताबिक, सभी अधिकारी भ्रमणशील रहे तथा परीक्षा बहुत सुचारू रूप से हुई। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर भी पुलिस की निगरानी जारी है ।इससे पहले एटा जिले के अपर पुलिस अधीक्षक धनंजय कुशवाहा ने कहा, ऴहमने सिपाही भर्ती परीक्षा में अनुचित साधनों का उपयोग करने की योजना बनाने के लिए 15 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। कोतवाली पुलिस थाने की निगरानी टीम ने गिरफ्तारी की है।

'उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड' की सिपाही भर्ती परीक्षा 17 और 18 फरवरी को हो रही है जिसके मद्देनजर पूरे प्रदेश में पुलिस व स्थानीय प्रशासन सतर्क है। एटा के जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने कहा, स्थानीय पुलिस के साथ जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी इस पुलिस भर्ती परीक्षा को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए सभी उपाय कर रहे हैं और यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि किसी तरह के अनुचित साधनों का उपयोग ना होने पाए।

बलिया पुलिस के सोशल मीडिया प्रकोष्ठ द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार, जिले की रसड़ा पुलिस ने पुलिस भर्ती परीक्षा के कुछ घंटे पूर्व परीक्षा पास कराने का झांसा देकर अभ्यर्थियों से कथित तौर पर पैसे की वसूली करने वाले सलीम अंसारी (33) नाम के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रसड़ा थाना क्षेत्र के कोटवारी मोड़ के पास बलिया मार्ग पर स्थित एक दुकान पर छापा मारकर सलीम को गिरफ्तार किया ।पुलिस ने अंसारी के पास से 8.99 लाख रुपये जब्त किए जो उसने कथित तौर पर भर्ती परीक्षा में शामिल होने वाले विभिन्न अभ्यर्थियों से लिए थे। विज्ञप्ति के अनुसार, पुलिस ने सलीम के पास से भर्ती परीक्षा से संबंधित अभ्यर्थियों के 16 प्रवेशपत्र,12 मूल शैक्षिक प्रमाणपत्र, स्वयं के चार फर्जी आधार कार्ड, एप्पल का एक मोबाइल फोन तथा एक डायरी भी बरामद की है।

इस मामले में सलीम के विरुद्ध रसड़ा थाने में नामजद मामला दर्ज किया गया है। वहीं, आगरा में पुलिस उपायुक्त (नगर) सूर्य राय ने बताया कि पुलिस भर्ती परीक्षा कथित रूप से दस-दस लाख रुपये में पास कराने का झांसा देने वाले करतार सिंह और टिंकू को विशेष कार्य बल (एसटीएफ) और हरीपर्वत पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

# बिलकीस बानो कांड: दोषी ने भतीजी की शादी में शामिल होने के वास्ते पैरोल के लिए न्यायालय का रुख किया

नई दिल्ली। वर्ष 2002 के गोधरा दंगों के दौरान बिलकीस बानो के साथ सामूहिक बलात्कार और उनके परिवार के सात सदस्यों की हत्या से संबंधित मामले के एक दोषी ने अपने परिवार में एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए पैरोल पर रिहा किये जाने का अनुरोध करते हुए गुजरात उच्च न्यायालय का रुख किया है ।रमेशभाई चंदना ने अपनी भतीजी की शादी में शामिल होने के लिए पैरोल पर रिहा किये जाने के अनुरोध को लेकर शुक्रवार को उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की। चंदना और 10 अन्य को पिछले महीने तब वापस जेल भेज दिया गया था जब उच्चतम न्यायालय ने गुजरात सरकार द्वारा उन्हें दी गई छूट को रद्द कर दिया था ।इससे पहले, मामले के एक अन्य दोषी प्रदीप मोधिया को उच्च न्यायालय द्वारा उनकी याचिका स्वीकार करने के बाद सात से 11 फरवरी तक पैरोल पर गोधरा जिला जेल से रिहा किया गया था ।चंदना की वकील खुशबू व्यास ने न्यायमूर्ति दिव्येश जोशी को बताया कि उनका मुवक्किल पांच मार्च को अपनी भतीजी की शादी में शामिल होना चाहता है। इसके बाद अदालत ने रजिस्ट्री को ''मामले को सुनवाई के लिए उचित अदालत के समक्ष रखने का निर्देश दिया।''

उच्चतम न्यायालय ने गुजरात सरकार पर अपनी शक्तियों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए 2002 के दंगों के दौरान बिलकीस बानो से सामूहिक दुष्कर्म और उनके परिवार के सात सदस्यों की हत्या के मामले में 11 दोषियों को सजा में छूट देने के राज्य सरकार के फैसले को पिछले महीने रद्द कर दिया था और दोषियों को दो सप्ताह के अंदर जेल भेजने का निर्देश दिया था।




# पुलिस भर्ती के लिए बड़ी संख्या में परीक्षा देने शहर आये युवक

स्टेशन पर परीक्षार्थियों की भीड़ के कारण व्यवस्था हुई धड़ाम, सड़कों पर भी साधन तलाशते दिखे युवक कानपुर सेंट्रल पर दो युवको में हुई हाथा पाई



## कोचिंग मंडी में रही एसटीएफ सक्रिय

कानपुर। पुलिस भर्ती परीक्षा में सेंधमारी करने वालों पर इस बार एसटीएफ ने जबरदस्त शिकंजा कसा है। एक दिन पूर्व ही यूपी के एसटीएफ एडीजी अमिताभ यश को प्रदेश पुलिस में एडीजी एलओ बनाया गया तो चंद घंटे बाद ही प्रदेश भर की एसटीएफ यूनिट सक्रिय हो गयी। कानपुर लखनऊ यूनिट ने मिलकर सबसे पहले काकादेव की कोचिंग मंडी में अपने मुखबीर सक्रिय किये। इसके अलावा सभी परीक्षा केन्द्रो के व्यवस्थापकों की जानकारी जुटायी। पुलिस सूत्रों से मिली पुज़्ता जानकारी के अनुसारी परीक्षा से पहले शहर के कई होटलों, कोचिंग मंडी समेत दस हजार से ज्यादा लोगों के नज़्बर सर्विलांस पर अलग अलग स्तर पर लिये गये है। इसका नतीजा यह रहा कि पुलिस भर्ती परीक्षा में सेंधमारी नहीं हो सकी। हालाकिं कानपुर में देर शाम तक करीब 6 साल्वर अलग अलग परीक्षा केन्द्रों से पकड़े गये जिसमें से चार कल्याणपुर, पनकी में पकड़े गये।

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर।उत्तर प्रदेश में 60,244 पदो पर सिपाही नागरिक पुलिस की सीधी भर्ती के लिए शनिवार को परीक्षा शुरू हुई। परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन द्वारा विशेष व्यवस्थाऐ की गयी थी। यह परीक्षा 75 जिलो के 2385 सेंटर पर कराई जा रही है। कानपुर में भी इस परीक्षा को देने लाखो युवक आये। रेलवे स्टेशन, बस स्टॉप पर शुक्रवार की शाम से ही युवको की भीड दिखनी शुरू हो गयी थी। जहां शहर आने वाले युवक थे तो वहीं शहर से बाहर सेंटरों पर जाने वाले युवकों की भी बडी संख्या थी।

शनिवार की सुबह सेंट्रल पर अभ्यर्थियों की भारी भीड देखने को मिली, जिन्हे संभालना मुश्किल हो गया था। प्रदेश पुलिस की भर्ती के लिए कई जिलों से युवक कानपुर आये थे।

पुलिस भर्ती उत्तर प्रदेश की परीक्षा शनिवार को पहले दिन दो पालियों में कराई गयी। शनिवार की सुबह से ही भारी संख्या में इस परीक्षा को देने वाले युवक सेंट्रल पहुंच गये।

युवकों की भारी भीड के चलते सारी व्यवस्था फेल हो गयी। वहीं दो युवको में आपसे में जलकर लात-घूसें भी चले। इसके अलावा झकरकटी बस अडडा, टाटमिल चैराहा, गोल चैराहा, रावतपुर आदि स्थानों पर भी बाहर से आने वाले परीक्षार्थियों की बडी संख्या सडकों पर दिखाई दी। समय पर अपने सेंटर पर पहुंचे ने के लिए परीक्षार्थी साधन पाने के लिए प्रयासरत रहे तो लोगों से अपने गंतव्य की जानकारी लेते दिखाई दिये।

बतातें चले कि उ0प्र सिपही नागरिक पुलिस की सीधी भर्ती शनिवार और रविवार को दो-दो पालियों में सम्पन्न कराई जा रही है।60,244 पदो के लिए 48 लाख 17 हजार 441 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। शनिवार को प्रथम और द्वितीय दोनो पालियों में अभ्यर्थियों ने परीक्षाऐ दी। रविवार को भी दो पालियों में 1204361 तथा 1204360 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा में यूपी के अलावा भी अन्य राज्यों से 6 लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था

जिसमें बिहार, हरियाणा, झारखंड, मध्य प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, उत्त्राखंड, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र तथा पंजाब के अभ्यर्थी भी सम्मलित है। परीक्षा के लिए बनाये सेंटरों पर कडी व्यवस्था की गयी। परीक्षा को सम्पन्न कराने के लिए हर केंद्र पर एसटीएफ और क्राइम ब्रांच के जवानों का पहरा रहा साथ ही मुख्य चैराहो पर व्यवस्था संभालने के लिए पुलिस तैनात रही। 1000 से ज्यादा क्षमता वाले परीक्षा केंद्रो पर एसीपी तेनात रहे। जेसीपी ने बताया कि पेपर, पेंसिल बॉक्स, कैलकुलेटर, वॉटेल, चश्मा, ज्वेलरी या खाने पीने की चीजों के साथ पेन, चाबी, घडकी, मोबाइल पर प्रतिबंध रहा।

# मशीन में गमछा फंसने पर श्रमिक की मौत

## श्रमिक की मौत के बाद मौके पर पहुंची थाना शिवराजपुर व बिल्हौर पुलिस, परिजनों व मिल मालिक के बीच हुई बात-चीत

**बीपीएस न्यूज**



कानपुर। कानपुर के उज़रीपुरा की एक राइस मिल में कार्य करते समय एक श्रमिक हेल्पर के गले में पडा गमछा चलती मशीन में जा फंसा जिससे श्रमिक के गिरने से मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। श्रमिक की मौत के उपरान्त उसके पुलिस को सूचना दी गयी। मौके पर थाना शिवराजपुर तथा थाना बिल्हौर की पुलिस पहुंची और परिजनों को सूचित किया। परिजनों तथा मिल मालिक के बीच वार्ता की गयी वहीं, वहीं फील्ड यूनिट टीम भी पहुंच गयी। जानकारी के अनुसार थाना शिवरापजुर के दसा नवादा में जय मां दुर्गा राइस मिल में श्रमिक हेल्पर के रूप में 35 वर्षीय कृपा शंकर अग्निहोत्री पुत्र राम शरण निवासी चांदापुर थाना कोतवाली कन्नौज, हालिया निवासी नदिया रोड, वेद विहार उज़रीपुरा की मशीन में कार्य करते हुए गर्दन पर डाले गमछा, जो चलती मशीन में फंस गया और उसके फंसने से श्रमिक की गिरकर मौत हो गयी। सूचना पाकर थाना शिवराजपुर तथा थाना बिल्हौर की पुलिस व फील्ड यूनिट टीम पहुंच गयी। सूचना पाकर मृतक के परिजन भी पहुंच गये। घटना की सज़्बन्ध में मृतक के परिजनो और मिल मालिक के बीच वार्ता की गयी। सहायक पुलिस आयुक्त बिल्हौर द्वारा आवश्यक कार्यवाही किए जाने की बात कही गयी।

# राजनैतिक भागीदारी के लिये राहुल गांधी को घेरेगी राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी

## कांग्रेस ने अपनी पार्टी मे बना रखा है नि:शक्तजन प्रकोष्ठ



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी ने दिव्यांगजनो को राजनैतिक भागीदारी के लिये राजनीतिक दलों के राष्ट्रीय अध्यक्षों को पत्र लिखा है। राहुल गांधी के कानपुर नगर आगमन पर राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी ने उनको ज्ञापन देकर कांग्रेस पार्टी में दिव्यांगजनो को राजनैतिक भागीदारी देने की मांग करेगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि राजनैतिक दलों ने दिव्यांगजनों का वोट हासिल करने के लिये अपनी पार्टीयों में निश्शक्तजन व दिव्यांग प्रकोष्ठ बना रखा है। कांग्रेस पार्टी ने भी निश्शक्तजन प्रकोष्ठ अपनी पार्टी में बना रखा है। लेकिन दिव्यांगजनों को राजनैतिक भागीदारी नहीं देती हैं। ये दिव्यांगजनों के साथ अन्याय है। राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी जिसकी जितनी संख्या भारी उसकी उतनी हिस्सेदारी सभी राजनैतिक दलों से मांग रही है। अगर सभी राजनैतिक दल दिव्यांगजनो को अपनी पार्टीयों में राजनैतिक भागीदारी के तहत लोकसभा, राज्यसभा, विधानसभा, विधान परिषद, नगर पंचायत, नगर निकाय आदि दिव्यांगजनों को टिकट नही देती हैं तो राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी सभी राष्ट्रीय पार्टीयों के केन्दीय कार्यालयों में प्रदर्शन करेगी।

# अनियंत्रित कार ने बुजुर्ग को मारी टक्कर, मौत

## थाना नवाबंग क्षेत्र के गंगा बैराज मार्ग पर हुई दुघर्टना, कार चलाने वाले दो नाबालिगों को पुलिस ने पकड़ा

कानपुर । शनिवार की सुबह एक सडक दुघर्टना में एक कार द्वारा एक वृद्ध को टक्कर मार दी गयी, जिससे वृद्ध की मौत हो गयी। दुघट्रना के बार मौके पर पहुंची पुलिस ने वृद्ध को तत्काल इलाज के लिए रिजेंसी भेजा, जहां डाक्टरों ने वृद्ध को मृत घोषित कर दिया। पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए कार चला रहे तथा एक अन्य साथी दो नाबालिगों को पकड लिया है।

थाना नवाबगंज क्षेत्र के गंगा बैराज में शनिवार की सुबह सिसिल लाइंस ग्रीनपार्क सटेडियम के पीछे बने हुए गुजरात अपार्टमेंट में रहने वाले 65 वर्षीय वृद्ध निकेश तलाटी की सडक दुघर्टना में मौत हो गयी। बताया जाता हे कि मृतक दवा करोबारी थे और उनका प्रतिदिन सुबह साइकलिंग करने का नियम था। शहनवार की सुबह वह साइकिलिंग करते हुए गंगा बैराज पहुंच गये जहां पीछे से आ रही तेज गति से एक कार ने उनकी साइकिल में टक्कर मार दी ओर कार जाकर दीवार से भी टकरा गयी। घटना के उपरान्त वह क्षेत्रीय लोगों की काफी भीड लग गयी और पुलिस को सूचना दी गयी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल वृद्ध को इलाज के लिए रिजेन्सी भेजा जहां डाक्टरों ने उन्हे मृत घोषित कर लिया। वहीं पुलिस ने कार चला रहे एक नाबालिग तथा उसे अन्य एक साथी को पकड लिया। सडकों पर गलत तरीके से तथा तेज गति से चलने वाले वाहनों के कारण आये दिन हादसे होते रहते है, इसके साथ ही नाबालिग युवक भी दुपहिया व चार पहिया वाहन चलाते है। कई दुघर्टनाओं के बाद भी प्रशासन इस ओर हीलाहवाली बरतती नजर आती है। गंगा बैराज एक पिकनिक स्पॉट का रूप ले चुका है और यहां शाम को हजारो की संख्या में नगरवासी घूमने आते है। ऐसे में तेज गति और स्टंटबाजी दोनो ही उनकी जान के लिए खतरा है। यह क्षेत्र दो थानो, नवाबगंज तथा थाना कोहना की परिधि में आता है, बावजूद इसके यहां कोई चेकिंग अभियान नही चलाया जाता है।

# तत्कालीन बिल्हौर एसडीएम और तहसीलदार जांच में बरी

कानपुर। मुकदमें दर्ज होने के बाद भी चर्चित बिकरू कांड के गैंगस्टर विकास दुबे और उसके करीबियों के असलहों के रिन्यूवल में फंसे तत्कालीन बिल्हौर एसडीएम और तहसीलदार दोषमुक्त हो गए हैं। जांच के दौरान असलहों के रिन्यूवल में दोनों की भूमिका नहीं मिली है। एसआईटी की संस्तुति, शासन के आदेश पर सीडीओ ने जांचकर रिपोर्ट मंडलायुक्त को भेजी है। सीडीओ सुधीर कुमार ने बताया कि एसआईटी के आदेश पर शासन से एसडीएम और तहसीलदार के खिलाफ जांच के आदेश दिए गए थे। कमिश्नर कार्यालय से जांच मिली थी। जांच में विकास दुबे और उसके करीबियों के रिन्यूवल में कोई दोष साबित नहीं हुआ है।

चर्चित बिकरू कांड में विकास दुबे के कांड के बाद जारी असलहा लाइसेंस पर एसआईटी जांच बैठ थी। जांच में पाया गया कि विकास दुबे और उसके गुर्गों के पर कई मुकदमों के बाद भी असहला रिन्यूवल होता रहा।

# अधिवक्ता उत्पीड़न किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं:पं रवीन्द्र शर्मा

## 15 फरवरी को घटाघर चौराहे पर अधिवक्ता पर हुए हमले को लेकर कमिश्नर से मिले वकील



कानपुर। पं रवीन्द्र शर्मा अध्यक्ष द लायर्स एसोसिएशन के नेतृत्व में अधिवक्ताओ का एक प्रतिनिधिमंडल कल घंटाघर चौराहे पर अधिवक्ता बी के भारतिया से वाहन चालान के नाम पर होमगार्ड द्वारा अवैध वसूली को लेकर की गई मारपीट पर उधर से निकाल रहे अधिवक्ताओं के रुकने पर कई थानों की पुलिस आ गई और मौके पर तमाम पुलिस बल की मौजूदगी में भरतिया जी की मोटरसाइकिल जिसके चालान को लेकर विवाद हुआ वो भी चोरी हो गई और चोरी की रिपोर्ट भी नही लिखी गई ।साथ ही शहर भर के चौराहों पर होमगार्डो द्वारा अवैधानिक रूप से वाहनों के फोटो खींच चालान के नाम अवैध वसूली की जाती हैं और शहर बाहर की गाड़ियों को रोक कर भी वसूली होती हैं उसी क्रम में कल अधिवक्ता महोदय के साथ में अभद्रता और मारपीट की गई और उनकी गाड़ी भी चोरी करवा दी गई। इस पर तुरंत करवाही होनी चाहिए! जिस पर पुलिस कमिश्नर ने तुरंत एफ आई आर का आदेश करते हुए आश्वासन दिया कि होमगार्डों को तत्काल प्रभाव से रोका जाता है कि वह वाहनों की ना तो फोटो खींचे ना चालान का प्रयास करें ।श्री शर्मा ने कहा कि अधिवक्ताओं के सम्मान और सुरक्षा से किसी कीमत पर समझौता नहीं किया जाएगा ।प्रमुख रूप से विजय सागर, अरविंद दीक्षित, देश बंधु तिवारी, नूर आलम, ऋषभ मिश्रा, युग अवस्थी, नितिन पांडे, आयुष शुक्ला, कांत मिश्र, इंद्रेश मिश्रा, शुजा अब्बास, शिवम गंगवार, प्रियम जोशी, के के यादव आदि रहे।

# प्रवर्तन दल ने तीन टन पन्नी और ग्लास ले जाते 3 वाहन पकड़े






कानपुर। प्रवर्तन अधिकारी कर्नल आलोक नारायण के नेतृत्व में प्रवर्तन दल ने शहर में कई स्थानों पर नाके लगा कर प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग और ग्लास ले जाते हुए विभिन्न स्थानों पर 3 लोडर पकड़े।इन गाड़ियों से कुल 30 क्विंटल सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त कर कुल डेढ़ लाख रुपए जुर्माना राजस्व निरीक्षक विकास कुमार द्वारा सोमवार को वसूला गया। जब्त सामग्री को कूड़ा कंपैक्टर गाड़ी से दबवा कर पनकी कूड़ा प्लांट भिजवा दिया गया है।इस अभियान में प्रवर्तन दल के सूबेदार अवधेश सिंह, लक्ष्मण सिंह, वीरेंद्र स्वरूप, रामेंद्र सिंह, हवलदार धनंजय, जितेंद्र सिंह, रामनरेश, इंद्रजीत, भूपेंद्र, राज नारायण, जितेंद्र बहादुर, गोविंद, मोहित इत्यादि शामिल रहे।

बी पी एस न्यूज
हिन्दी साप्ताहिक
मुद्रक प्रकाशक स्वात्वाधिकारी बुद्ध प्रकाश साहू द्वारा मां प्रिन्टर्स गार्डेन नं. 6-ए/7 रेल बाजार कानपुर नगर से मुद्रित एवं 344- बगाही भट्ठा टी.पी. नगर कानपुर से प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. UPHIN/ 2016/ 66740, डाक पंजीयन सं. कानपुर सिटी 304/2024-2026, सम्पादक बुद्ध प्रकाश साहू मो.: 8423454502 , व्हाट्सअप 9335908846 email:bps.knp786@gmail.com info@bpsnews.in www.bpsnews.in नोट-समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर नगर न्यायालय होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों व संवाददाताओं की होगी। कृपया कोई भी आपत्ति हो तो 15 दिनों के अंदर भेजें।